Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध




राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ



श्री दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य

माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पताः- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग



वर्ष 15, अंक 39 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | दुर्ग, शुक्रवार 12 दिसंबर 2025 | www.samaydarshan.in


## संक्षिप्त समाचार

### शीतकालीन सत्र 14 से शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 14 दिसंबर से शुरू . सत्र नवा रायपुर के नए विधानसभा भवन में होगा. सत्र को लेकर आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पत्रकारों से चर्चा की. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब रविवार अवकाश के दिन भी विधानसभा की कार्यवाही होगी. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद विधानसभा की पहली बैठक 14 दिसंबर को राजकुमार कॉलेज स्थित जशपुर हॉल के भवन में टेंट लगाकर बैठक की गई थी. 25 वर्षों की यात्रा आज भव्य नए विधानसभा भवन तक आ पहुंची है. गत 25 वर्षों में कुल 76 सत्रों में 773 बैठकें हुई हैं और सदन की कार्यवाही 3456 घंटे 19 मिनट को समाप्त कि गईं . अनुपूरक बजट के मांगो पर चर्चा होंगी द्य उन्होंने बताया कि 14 दिसंबर 17 दिसंबर तक विधानसभा का शीतकालीन सत्र आयोजित है. सत्र के दौरान कुल 4 बैठकें होंगी. 628 प्रश्नों की सूचना प्राप्त हुई है. इसमें 333 तारांकित प्रश्न और 295 अतारांकित प्रश्न शामिल हैं. 99.17 प्रतिशत प्रश्न ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं. 48 ध्यानाकर्षण होगा. एक लोक महत्व के विषय पर चर्चा होगी. 9 अशासकीय संकल्प, शून्यकाल 4, याचिका 77 पर भी चर्चा होगी. 16 दिसंबर को अनुपूरक मांग पर चर्चा होगी. छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना ( नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनिमय संशोधन विधेयक, 2025 ( क्रमांक 28 2025) विधानसभा में पारित किया जाएगा. विभागों से प्राप्त प्रतिवेदनों को भी पटल पर रखा जाएगा।

### एनसीआर में कड़ाके की ठंड शुरू, तापमान 2 डिग्री लुढ़का; मामूली सुधार के बावजूद एक्यूआई खराब श्रेणी में बरकरार

**नोएडा।** एनसीआर में सर्दी लगातार अपने तेवर दिखा रही है। बुधवार की रात तापमान में 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई, जिसके बाद न्यूनतम तापमान कई इलाकों में 8 डिग्री सेल्सियस तक आ गया। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की रिपोर्ट के अनुसार आने वाले दिनों में भी पारा और नीचे फिसलने की संभावना है। आईएमडी के अनुसार 11, 12 और 13 दिसंबर में दिन का तापमान 23 से 24 डिग्री के बीच और रात का तापमान 8 से 9 डिग्री रहने का अनुमान है। सभी दिनों में हल्का कोहरा भी छाए रहने की संभावना भी है। सर्द हवाओं ने जहां ठंड बढ़ाई है, वहीं तेज हवा की वजह से वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में मामूली सुधार भी देखने को मिला है। हालांकि, यह सुधार लोगों को राहत देने के लिए पर्याप्त नहीं है, क्योंकि ज्यादातर स्टेशन अब भी खराब से बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किए जा रहे हैं। गाजियाबाद में प्रदूषण का स्तर कुछ कम हुआ है, पर कई इलाके अब भी सांस लेने में परेशानी पैदा कर रहे हैं। इंदिरापुरम में एक्यूआई 288, लोनी में एक्यूआई 375, संजय नगर में एक्यूआई 268 और वसुंधरा में एक्यूआई 319 दर्ज किया गया है। राजधानी दिल्ली के अधिकतर मॉनिटरिंग स्टेशन 300 से ऊपर की श्रेणी में बने हुए हैं, जिनमें मुकरबा चौक- 315, आनंद विहार- 303, अशोक विहार- 332, बवाना- 335, चांदनी चौक- 309 और डीटीयू में एक्यूआई 333 दर्ज किया गया।

इसके अलावा नोएडा में भी हवा साफ नहीं हुई है। कुछ जगहों पर सुधार दिखा, लेकिन स्थिति अभी भी चिंताजनक है। जिनमें सेक्टर-125 में 309, सेक्टर-62 में 248, सेक्टर-1 में 292 और सेक्टर-116 में एक्यूआई 332 दर्ज किया गया है। एक्यूआई भले ही 300 के नीचे कुछ इलाकों में आया हो, फिर भी हवा में मौजूद महीन कणों की वजह से लोगों को सांस लेने में दिक्कत, गले में खराश, आंखों में जलन जैसी समस्याएं हो रही हैं।

### एक्टर सोनू सूद ने बच्चों के लिए सरकार से की ऑस्ट्रेलिया की तर्ज पर कदम उठाने की गुजारिश

**मुंबई।** सोशल मीडिया के जरिए 16 से कम उम्र के बच्चों पर पड़ रहे गलत प्रभाव को देखते हुए हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ने कई प्लेटफॉर्म को बच्चों के लिए पूरी तरह से बैन कर दिया है। बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद ने ऑस्ट्रेलिया के इस फैसले का स्वागत किया है और अपनी सरकार से भी ऐसा ही फैसला लेने की अपील की है। सोनू सूद ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, ऑस्ट्रेलिया जैसे देश पहले ही 16 से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया को पूरी तरह बैन कर चुके हैं और अब समय आ चुका है कि भारत को भी ऐसा करना चाहिए। हमारे बच्चे भी असली बचपन जीने के हकदार हैं। उन्हें भी फैमिली के साथ बॉन्ड बनाने का मौका मिलना चाहिए और सबसे ज्यादा जरूरी है स्क्रीन के एडिक्शन से आजादी। उन्होंने आगे लिखा, हमारी सरकार को भी बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए और दुनिया के सामने अच्छा उदाहरण पेश करने के लिए ऐसे कदम उठाने चाहिए तो चलिए अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए आज कुछ बेहतर किया जाए।

---

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 140 नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

# गायत्री मंत्र मानव जीवन को ऊर्जावान और संस्कारित बनाते हैं: मुख्यमंत्री साय

### मुख्यमंत्री हसौद में 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में हुए शामिल



**रायपुर ( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सक्ती जिले के ग्राम हसौद में आयोजित भव्य 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने इस आयोजन को आध्यात्मिक एकता, सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक गौरव का अद्भुत संगम बताया। उन्होंने कहा कि मां महामाया की पावन भूमि हसौद में 251 कुंडों में एक साथ सम्पन्न हो रहा यह महायज्ञ छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक परंपरा को नई ऊंचाई देता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति को विश्व पटल पर नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा—500 वर्षों के बाद अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हुआ, काशी विश्वनाथ धाम का कायाकल्प हुआ। छत्तीसगढ़ तो स्वयं भगवान श्रीराम का ननिहाल है—माता कौशल्या की पावन भूमि है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सभी वर्गों की उन्नति और कल्याण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। रामलला दर्शन योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से अब तक 38 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला का दर्शन किया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गायत्री मंत्र के 24 अक्षर 24 सिद्धियों और शक्तियों के प्रतीक हैं, जो मानव जीवन को ऊर्जा, सदाचार और आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांतिकुंज हरिद्वार के कुलपति डॉ. चिन्मय पण्डया ने मुख्यमंत्री का सम्मान करते हुए उन्हें अभिनंदन पत्र भेंट किया।

इस अवसर पर कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। साथ ही देशभर से आए अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### 140 नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद ङ्क कन्या विवाह योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि प्रदान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत हसौद में परिणय-सूत्र में बंधने वाले 140 नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएँ और आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने हसौद प्रवास के दौरान जैतखाम पहुँचकर विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति, कल्याण एवं निरंतर प्रगति की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी के सत्य, अहिंसा, समानता, सामाजिक समरसता तथा 'मनखे-मनखे एक समान' के संदेश हमें समाज में सद्भाव और एकता का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने जनसमूह से आह्वान किया कि इन आदर्शों को आत्मसात कर विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

## राहुल गांधी में सच सुनने की ताकत नहीं, लोकसभा से विपक्ष के वॉकआउट पर हमलावर हुई भाजपा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण के बीच विपक्षी दलों के वॉकआउट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हमलावर है। गुरुवार को केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसदों ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी हिट-एंड-रन वाला तरीका अपनाते हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरुवार को संसद परिसर में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अपनी आदत छोड़नी पड़ेगी। अगर वह बात नहीं सुनेंगे तो अगली बार



हम भी उन्हें सदन में बोलने नहीं देंगे। विपक्ष के वॉकआउट पर गिरिराज सिंह ने कहा, राहुल गांधी हिट-एंड-रन वाला तरीका अपनाते हैं। जब प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सदन में बोलते हैं, तो वह बाहर चले जाते हैं। लोकतंत्र को लेकर यही उनकी सोच है। उनमें सच सुनने की ताकत नहीं है। गृहमंत्री के बयान घुसपैठिए तय नहीं करेंगे देश में पीएम और सीएम कौन बनेगा पर केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार ने आईएएनएस से कहा, देश की आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए जो कहा गया है, वह बिल्कुल सही है। भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने गृह मंत्री अमित शाह के भाषण को अभूतपूर्व बताते हुए कहा, गृह मंत्री ने कांग्रेस की ओर से फैलाए गए झूठे दावों और प्रोपेगेंडा का सटीक जवाब दिया। कांग्रेस के पास हंगामा करने और सदन छोड़कर जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था।

## फ्लाइट कैंसिलेशन से परेशान यात्रियों को मिलेगा 20 हजार तक का फायदा

### इंडिगो ने खोली राहत की पोटली

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिसंबर की शुरुआत में इंडिगो की सैकड़ों उड़ानों के अचानक रद्द होने से देशभर में यात्रियों को भारी अफरा-तफरी का सामना करना पड़ा था। अब इस मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (ष्ठत्रष्ट) की सख्ती के बाद एयरलाइन ने अपनी गलती सुधारते हुए प्रभावित यात्रियों को बड़ी राहत देने का ऐलान किया है। कंपनी ने न केवल नकद मुआवजे की घोषणा की है, बल्कि भविष्य की यात्रा के लिए ट्रैवल वाउचर देने का भी फैसला किया है। इंडिगो एयरलाइन ने स्पष्ट किया है कि 3, 4 और 5 दिसंबर को फ्लाइट्स रद्द होने के कारण जिन यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी, उन्हें सरकारी नियमों के तहत 5,000 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक का मुआवजा दिया जाएगा। यह राशि



फ्लाइट की दूरी, टिकट की क्लास और यात्री को हुई असुविधा के आधार पर तय की जाएगी। कंपनी का यह कदम उन यात्रियों के आर्थिक नुकसान की भरपाई के तौर पर देखा जा रहा है जिनकी यात्रा योजनाएं पूरी तरह बिगड़ गई थीं। इसके अलावा, एयरलाइन ने सबसे ज्यादा प्रभावित यात्रियों के लिए एक अतिरिक्त सुविधा की घोषणा की है। ऐसे यात्री जिनकी फ्लाइट्स एक से ज्यादा बार रीशेड्यूल हुईं या जिन्हें एयरपोर्ट पर लंबा इंतजार करना पड़ा, उन्हें 10,000 रुपये तक के 'ट्रैवल वाउचर' अलग से दिए जाएंगे।

### एक साल तक कर सकेंगे वाउचर का इस्तेमाल

कंपनी द्वारा जारी किए जा रहे इन ट्रैवल वाउचर्स की सबसे खास बात इनकी वैधता है। यात्री इन वाउचर्स का इस्तेमाल अगले 12 महीनों में कभी भी कर सकते हैं। चाहे आप भारत के किसी शहर में जा रहे हों या विदेश यात्रा की योजना बना रहे हों, इंडिगो की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह की उड़ानों पर इन वाउचर्स का उपयोग किया जा सकेगा। यात्रियों को मुआवजा और वाउचर प्राप्त करने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए इंडिगो ने सभी प्रभावित मुसाफिरों को सलाह दी है कि वे अपने रजिस्टर्ड ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर पर नजर बनाए रखें।

## वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने का एक और मौका, चुनाव आयोग ने यूपी समेत 6 राज्यों में बढ़ाई डेडलाइन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने या उसमें सुधार करवाने के इच्छुक नागरिकों को बड़ी राहत दी है। आयोग ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात समेत छह राज्यों में 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन' (स्ढ्ढक्र) की समयसीमा को आगे बढ़ा दिया है। गुरुवार को जारी किए गए नए शेड्यूल के मुताबिक, 11 दिसंबर को खत्म हो रही यह मियाद अब राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की मांग पर आगे खिसका दी गई है। इस फैसले का लाभ उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान व निकोबार द्वीप समूह के करोड़ों मतदाताओं को मिलेगा।

सबसे बड़ी राहत उत्तर प्रदेश के निवासियों को मिली है, जहां अब एसआईआर की प्रक्रिया 26 दिसंबर तक जारी रहेगी। यानी यूपी के वोटर्स को दस्तावेज जमा करने और वोटर लिस्ट में अपना नाम शामिल करवाने के लिए 15 दिनों का अतिरिक्त समय मिल गया है। नए शेड्यूल के अनुसार, यूपी में रिवाइज्ड एन्यूमरेशन का काम 26 दिसंबर, शुक्रवार तक चलेगा और इसके बाद 31 दिसंबर को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन किया जाएगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि तमाम प्रक्रियाओं के बाद वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन 28 फरवरी, 2026 को होगा।

## गोवा अग्निकांड; लूथरा ब्रदर्स थाईलैंड में हिरासत में लिए गए: दिल्ली कोर्ट में जमानत अर्जी खारिज

### लूथरा बद्रर्स ने आग लगने के समय थाईलैंड के टिकट बुक किए थे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** गोवा के बिर्च नाइट क्लब में अग्निकांड के पांचवें दिन, गुरुवार को क्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड में हिरासत में ले लिया गया। थाईलैंड पुलिस ने दोनों भाइयों की तस्वीरें भी जारी की हैं, जिनमें उनके हाथों में हथकड़ी लगी है। वे अपने पासपोर्ट पकड़े हुए हैं।

इधर, दिल्ली के रोहिणी कोर्ट ने गुरुवार को लूथरा ब्रदर्स की ट्रांजिट अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। सूत्रों के अनुसार, भारतीय



अधिकारियों की एक टीम थाईलैंड के लिए रवाना हो चुकी है और 24 घंटे के भीतर लूथरा ब्रदर्स को वापस लेकर आएगी। संभावना है कि भारत लाने के बाद गोवा पुलिस दोनों को अपनी हिरासत में लेगी।

बिर्च नाइट क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई भारत छोड़कर थाईलैंड फरार हो गए थे। दोनों पर गैर इरादतन हत्या और लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है। हादसे में समय क्लब में नीचे पार्टी चल रही थी। छत पर आग लगने से धुआं भर गया, जिससे लोगों का दम घुटा। हादसे में समय क्लब में नीचे पार्टी चल रही थी। छत पर आग लगने से धुआं भर गया, जिससे लोगों का दम घुटा। नॉर्थ गोवा जिला प्रशासन ने नाइट क्लबों, होटलों और उन जगहों पर आतिशबाजी पर बैन लगा दिया है, जहां पर पर्यटकों का आना-जाना हो। नाइट क्लब में इलेक्ट्रिक पटाखों से ही आग लगी थी।

दिल्ली के रोहिणी कोर्ट ने लूथरा ब्रदर्स की जमानत याचिका खारिज कर दी। गोवा पुलिस ने लूथरा ब्रदर्स के पासपोर्ट सस्पेंड कर दिए हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, पासपोर्ट एक्ट 1967 की धारा 10ए के तहत केंद्र सरकार या उसका नियुक्त अधिकारी किसी का पासपोर्ट सस्पेंड कर सकता है।

दिल्ली फायर सर्विस ने गोवा की घटना और क्रिसमस-न्यू ईयर सेलिब्रेशन को देखते हुए सभी रेस्टोरेंट, होटल और क्लब जैसे सार्वजनिक जगहों पर फायर सेफ्टी की व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं।

जांच एजेंसियों के मुताबिक, सौरभ और गौरव लूथरा ने थाईलैंड के लिए फ्लाइट टिकट उस समय बुक किए, जब गोवा में उनके नाइट क्लब में फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने और फंसे हुए लोगों को बचाने की कोशिश कर रही थीं।

अधिकारियों ने बताया कि लूथरा भाइयों ने 6-7 दिसंबर की रात 1:17 बजे ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी की वेबसाइट पर लॉग इन किया था। दोनों सुबह 5:30 बजे इंडिगो फ्लाइट 6श्व 1073 से दिल्ली से फुक्रेट के लिए रवाना हो गए।

हादसा 8 दिसंबर की रात हुआ था

# अरुणाचल में ट्रक खाई में गिरा, 21 की मौत

### जिंदा बचा एक मजदूर 2 दिनों तक पैदल चलकर आर्मी कैंप पहुंचा, तब हादसे की जानकारी मिली

**अरुणाचल प्रदेश( एजेंसी )।** अरुणाचल प्रदेश के अनजॉ जिले के हयुलियांग इलाके में एक ट्रक 1000 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में ड्राइवर और क्लीनर समेत 21 की मौत हो गई। बचाव दल को 18 शव मिल चुके हैं। यह हादसा 8 दिसंबर का है। जानकारी गुरुवार को सामने आई।

दरअसल, हादसे में एक व्यक्ति जीवित बचा था, जो दो दिन तक पैदल चलकर किसी तरह आर्मी कैंप पहुंचा। इसके बाद आज सुबह आर्मी के बचाव दल की टीमें मौके पर पहुंचीं। टीम को घटनास्थल पर पहुंचने में 10 से ज्यादा घंटे लगे।

हादसे में घायल व्यक्ति खाई



से मुश्किल से बाहर निकला और हयुलियांग-चगलगाम रोड पर पहुंचा। दो दिन तक पैदल चलकर दिसंबर की रात चिपरा त्नक्रश्वस्न कैंप तक पहुंचा। यहां उसने जवानों को हादसे की जानकारी दी। इसके बाद गुरुवार सुबह आर्मी ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हादसे वाली जगह चगलगाम से लगभग 12 किलोमीटर आगे पहाड़ी और घने जंगल वाला इलाका है। यहां बहुत ही कम आवाजाही होती है।

घनी झाड़ियों में फंसा था ट्र्क, आर्मी को खोजने में लगे 4 घंटे आर्मी की रेस्क्यू टीमें रस्सी से खाई में उतरीं और करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद ट्रक तक पहुंची। दरअसल ट्रक खाई में घनी झाड़ियों में फंसा हुआ था, जिससे यह दूर से नजर नहीं आ रहा था। बचाव टीमों को 18 शव मिल चुके हैं, जिन्हें बेले रोप्स की मदद से ऊपर लाया जा रहा है। मौके पर बचाव टीमें, मेडिकल टीमें, त्नक्रश्वस्न प्रतिनिधि, स्थानीय पुलिस और हृष्ठक्रस्न की टीमें मौजूद हैं।

अनजॉ के,ष्ठष्ट हायुलियांग ने बताया कि जिला परिषद सदस्य और चगलगाम के ठेकेदारों से भी पूछताछ की जा रही है, जिससे कि मजूदरों की पहचान की जा सके।

खाई में गिरी बस और कार, 3 मौतेंज्30 को बचाया:इंदौर के भेरूघाट में हादसा; बस के कांच तोड़कर यात्रियों को निकाला।

### मैक्सिको ने भारत पर लगाया 50 प्रतिशत टैरिफ, 2026 से लागू होगा नियम

नई दिल्ली। दुनिया भर में छिड़ी 'टैरिफ वॉर' अब और तेज होती दिखाई दे रही है। अमेरिका द्वारा विभिन्न देशों पर आयात शुल्क बढ़ाने के बाद अब मैक्सिको ने भी उसी राह पर कदम बढ़ा दिए हैं। मैक्सिको ने चीन और भारत समेत कई एशियाई देशों को बड़ा आर्थिक झटका देते हुए वहां से आने वाले सामानों पर 50 फीसदी तक 'हाई टैरिफ' लगाने का फैसला किया है। मैक्सिको की सीनेट ने इस प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगा दी है और नई दरें अगले साल यानी वर्ष 2026 से प्रभावी होंगी। इस फैसले का सबसे ज्यादा असर उन देशों पर पड़ेगा जिनका मैक्सिको के साथ कोई मुक्त व्यापार समझौता नहीं है। मैक्सिको द्वारा उठाए गए इस कदम से अंतरराष्ट्रीय बाजार में खलबली मच गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस फैसले से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले देशों की सूची में चीन, भारत, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं। इन देशों से मैक्सिको आयात होने वाले ऑटो पार्ट्स, टेक्सटाइल, स्टील और अन्य औद्योगिक सामानों पर अब 50 फीसदी तक शुल्क वसूला जाएगा।

## लोकसभा में ई-सिगरेट पर संग्राम

### अनुराग ठाकुर ने टीएमसी सांसद पर लगाया सदन में कश लगाने का आरोप; स्पीकर बोले- कार्रवाई करेंगे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान गुरुवार को लोकसभा में उस वक्त अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गई जब भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सदन की गरिमा को लेकर एक गंभीर मुद्दा उठाया।

अनुराग ठाकुर ने किसी का नाम लिए बिना तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक सांसद पर लोकसभा के भीतर ई-सिगरेट (वेप) पीने का आरोप लगाया। उन्होंने सदन में कहा कि विपक्ष के सदस्य नियमों की अनदेखी कर रहे हैं और सदन के अंदर ही ई-सिगरेट का इस्तेमाल हो रहा है, जो कि चिंताजनक है।

अनुराग ठाकुर द्वारा उठाए गए इस मुद्दे पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी सख्त रुख अपनाया। स्पीकर ने स्पष्ट किया कि संसद के भीतर इस तरह के कृत्य के लिए कोई जगह नहीं है और न ही ऐसी कोई परंपरा या नियम है जो किसी सांसद को सदन में ई-सिगरेट पीने की छूट देता हो। उन्होंने सदस्यों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर यह मामला औपचारिक रूप से उनके संज्ञान में आता है और आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित सांसद के खिलाफ उचित और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उधर, बीजेपी सांसद के इन आरोपों पर तृणमूल कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। टीएमसी सांसद डोला सेन ने अनुराग ठाकुर के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि संसद में अनुशासन बनाए रखने के लिए पहले से ही नियम और प्रावधान मौजूद हैं और जिनका काम नजर रखना है, वे इसे देखेंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अनुराग ठाकुर कोई 'गुरु' नहीं हैं कि हम उनकी हर बात मान लें। इस मुद्दे को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोकझोंक देखने को मिली।

संसद भवन के भीतर जहां ई-सिगरेट का मुद्दा गरमाया रहा, वहीं बाहर सियासी वार-पलटवार का दौर भी जारी रहा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीते कल के भाषण पर निशाना साधा।

# सेंट्रल लाइब्रेरी एसी, वाई फाई कनेक्शन और आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा

### समिति द्वारा किया जाएगा संचालित

**महासमुन्द( समय दर्शन )।** महासमुंद के हृदय स्थल में निर्माणाधीन सेन्ट्रल लाइब्रेरी का निरीक्षण आज कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार मौजूद थे। कलेक्टर ने इस दौरान उपस्थित कार्यपालन अभियंता गृह निर्माण मण्डल, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला ग्रंथपाल एवं अन्य अधिकारियों को ग्रंथालय के समुचित व सुव्यवस्थित संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री लंगेह ने केन्द्रीय ग्रंथालय के संचालन के लिए नयी समिति का गठन, के साथ साथ समुचित संचालन के लिए अन्य समितियों जैसे क्रय समिति, प्रचालन समिति, भर्ती समिति आदि के निर्माण के लिए जिला ग्रंथपाल को निर्देश दिए। निर्माणाधीन भवन में केन्द्रित ए0सी0 की व्यवस्था, विद्यार्थियों के लिए शौचालय की सुविधा, वाई-फाई कनेक्शन, कम्प्यूटर कमरा के साथ साथ ग्रंथालय के सुरक्षा के मद्देनजर गार्ड रूम निर्माण की बात कही।



समिति में कलेक्टर अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी होंगे। ग्रंथालय का नोडल प्रभारी अधिकारी अपर कलेक्टर महासमुन्द होंगे जबकि अन्य कर्मचारियों की व्यवस्था, भर्ती जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के द्वारा किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी समिति के सदस्य सचिव होंगे। साधारण समिति, शिकायत समिति, कार्यकारिणी समिति, वित्तीय समिति आदि के रूप में समितियां गठित की जाएगी जिसके माध्यम से ग्रंथालय का संचालन किया जाएगा। कलेक्टर ने भवन में अन्य आधारभूत अधोसंरचना के लिए वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। ग्रंथालय में साप्ताहिक एवं मासिक पत्र-पत्रिका के अलावा संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग, व्यापम के साथ साथ अन्य परीक्षाओ से सम्बन्धित पुस्तकों की खरीद के साथ साथ साहित्यिक किताबों की भी खरीदी समिति के द्वारा किया जाएगा। इसके लिए पुस्तकों की मांग आधारित सूची का अनुमोदन क्रय समिति से लेकर पुस्तक खरीदी हेतु नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा।

ज्ञातव्य हो कि जिला मुख्यालय में केंद्रीय ग्रंथालय के अतिरिक्त शासकीय जिला ग्रंथालय संचालित है, जिसका संचालन भी जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद के द्वारा किया जा रहा है।

ग्रंथालय का संचालन आठ-आठ घंटे के दो पालियों में किया जाएगा। सुबह 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक प्रात:कालीन स्लॉट जबकि दोपहर दो बजे से रात्रि 10 बजे तक सायंकालीन स्लॉट निर्धारित रहेगी। ग्रंथालय में वाचनालय की भी सुविधा होगी जो पूर्णत: निशुल्क रहेगा, कोई भी पाठक वाचनालय में दैनिक पत्र-पत्रिका, अखबार आदि का पाठन कर सकेंगे जबकि ग्रंथालय का संचालन केवल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे पंजीकृत विद्यार्थियां के लिए होगी।

# जिला पंचायत सीईओ ने मैनपुर ब्लॉक में किया आवासों का सघन निरीक्षण

### पीएम आवास, पीएम-जनमन एवं एमएमएवाई के निर्माण कार्य तेजी से कराने के निर्देश

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर ने विकासखण्ड मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सिहारलटी, मदांगमुड़ा, छैलडोंगरी, कांडेकेला एवं ग्राम पंचायत तौरेंगा में बुधवार को पीएम आवास योजना, पीएम-जनमन तथा एमएमएवाई आवासों का डोर टू डोर निरीक्षण किया।श्री चंद्राकर ने हितग्राहियों एवं स्व-सहायता समूह के दीदीयों से चर्चा कर उन्हें शीघ्र ही आवास निर्माण कराने के लिए प्रेरित किया।जिसमें मुख्य रूप से वर्ष 2024-26 के समस्त आवासों को 1 सप्ताह के भीतर तक प्रारम्भ कराने व छत स्तर के आवासों को 1 सप्ताह के भीतर ढलाई कार्य पूर्ण कराने को कहा।उन्होंने सभी सम्बंधित ग्राम पंचायत के सचिव,सरपंच व तकनीकी सहायकों को आवास निर्माण के लिए आवश्यक सामग्री की व्यवस्था, सेंट्रिंग प्लेट व मिस्त्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा ज़िला व जनपद के अधिकारी, कर्मचारियों को निरंतर मॉनिटरिंग करने, निर्माणाधीन आवासों में प्रगति लाने के लिए निर्देश दिए।इस दौरान जनपद पंचायत मैनपुर के सीईओ, ज़िला समन्वयक,आवास समन्वयक,विकासखण्ड समन्वयक,तकनीकी सहायक, सरपंच,सचिव, जीआरएस व आवास मित्र उपस्थित थे।



# मुख्य योग शिक्षक के लिए पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**महासमुन्द( समय दर्शन )।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में मुख्य योग शिक्षक का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 5 12 2025 से 10 12 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के 150 प्रतिभागी एवं पुरे देश के 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। महासमुंद जिले के 5 योग शिक्षक मनकूराम रौतिया, केशव देवांगन, राजेंद्र वर्मा, संदीप पटले, बसंत साहू ने इस शिविर में भाग लेकर सफलतापूर्वक मुख्य योग शिक्षक का परीक्षा पास कर महासमुंद जिले को गौरवान्वित किया। महासमुंद जिले के सक्रिय कार्यकर्ता मनकूराम रौतिया ने पतंजलि योगपीठ हरिद्वार का आजीवन सदस्य बनकर महासमुंद जिले का मान बढ़ाया, स्वामी रामदेव के अनुसार छत्तीसगढ़ योग में निरंतर आगे बढ़ रहा है तथा जिस प्रकार से महासमुंद जिले में योग व महासमुंद जिले के योगी राज्य सहकारी तिलक साहू द्वारा संगठन को मजबूत किया जा रहा है, जिससे महासमुंद निरंतर योग में आगे बढ़ रहा है स्वामी जी ने सभी को शुभकामनाएं व भविष्य में महासमुंद जिले में एक बड़ा योग शिविर करने का आश्वासन दिया है। अंतर्राष्ट्रीय योग गुरु बाबा रामदेव ने शिविर के केंद्रीय सत्र में संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य का स्वस्थ समृद्धि शक्तिशाली और स्वच्छ भारत योग से ही संभव है, उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यदि विश्व को नशा, अपराध और युद्ध से बचाना है तो योग की शरण में आना ही होगा उन्होंने पतंजलि द्वारा शिक्षा स्वास्थ्य प्राकृतिक चिकित्सा शुद्ध खाद्यान्न आयुर्वेदिक अनुसंधान एवं प्रमाणिक औषधि निर्माण के क्षेत्र में किये जा रहे चारों दिशाओं के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। योग गुरु ने युवाओं को यह भी बताया कि आज कोई भी व्यक्ति आर्थिक रूप से सशक्त बनना चाहे तो पतंजलि के आरोग्य केंद्र चिकित्सालय मेगा स्टोर जैसे माध्यमों से बेहतर आय और सम्मानजनक कैरियर बन सकता है शिविर के अंतिम सत्र के पश्चात केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव जी की अध्यक्षता में विशेष बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि आने वाले दिनों में महासमुंद सहित पूरे छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में विशाल योग शिविरों का आयोजन किया जाएगा तथा संगठन को और अधिक सशक्त कर राज्य को योग की दिशा में बड़े कदम उठाए जाएंगे।



# गायत्री विद्यापीठ का आरकेसी फुटबॉल कप पर कब्जा

**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** जिले की ख्याति प्राप्त संस्था गायत्री विद्यापीठ, राजनांदगांव ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन करते हुए आरकेसी फुटबॉल कप पर कब्जा जमाया।




पूरे टूर्नामेंट के दौरान टीम ने बेहतरीन रणनीति, अनुशासन और कौशल का परिचय देते हुए सभी प्रतिद्वंद्वी टीमों को 1-0 से मात दी तथा विद्यालय के छात्र अंशु पटेल ने प्रतियोगिता के अंतिम चरण में शानदार पारी खेलकर जीत दर्ज करायी। साथ ही बेस्ट गोल कीपर का अवार्ड अर्पित कोर्राम को दिया गया। सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल संस्कृति का परिचय प्रस्तुत करते हुए फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों ने अद्भुत समन्वय, गति और तकनीक के साथ शानदार प्रदर्शन किया, जिसके दम पर टीम ने निर्णायक जीत दर्ज की। खिलाड़ियों के श्रेष्ठ प्रदर्शन ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि जिले में भी एक प्रेरणादायक संदेश दिया कि समर्पण और कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

इस अवसर पर शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। क्रीड़ा अधिकारी अखिलेश मिश्रा एवं उनकी टीम की मेहनत इस ऐतिहासिक जीत का मुख्य आधार है। गायत्री विद्यापीठ भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए नई ऊँचाईयाँ प्राप्त करता रहेगा। मैं सभी खिलाड़ियों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि हेतु अपनी शुभकामनाएं देती हूँ।

इस जीत की खुशी में गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ. बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, सचिव गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितलांग्या, स्पोर्ट्स डायरेक्टर सागर चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदना डुंभरे, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा, स्कूल आब्जर्वर अंकित व्यास एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।

# विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने ग्राम पंचायत बामड़ाडीह में जल जीवन मिशन के तहत एकल ग्राम नल-जल योजना का किया लोकार्पण



### भाजपा सरकार के संकल्प और सेवा का उद्देश्य हुआ साकार

### हर घर तक नल से शुद्ध पेयजल पहुँचाना ही हमारी भाजपा सरकार के संकल्प और सेवा का उद्देश्य : विधायक डॉ संपत अग्रवाल

**बसना ( समय दर्शन )।** जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुँचाने के संकल्प को साकार करते हुए, बसना विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने आज ग्राम पंचायत बामड़ाडीह पहुँचकर एकल ग्राम नल-जल योजना का विधिवत लोकार्पण किया।

इस अवसर पर विधायक डॉ. अग्रवाल ने जल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जल है तो कल है, जल ही जीवन है। उन्होंने कहा कि इस योजना के लोकार्पण के साथ ही स्वच्छ पेयजल क्षेत्रों में स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता को मजबूती मिली है। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने लोकार्पण के बाद ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार अपने वादों को और सेवा के उद्देश्य को पूरी निष्ठा के साथ निभा रही है। उन्होंने कहा कि अब हर घर तक नल से शुद्ध पेयजल पहुँचेगा। यही हमारी भाजपा सरकार के संकल्प और सेवा का उद्देश्य है। स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है, क्योंकि यह सीधे तौर पर नागरिकों के स्वास्थ्य और जीवन स्तर को प्रभावित करता है। यह योजना बामड़ाडीह ग्रामवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने और जलजनित रोगों से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इस गरिमामय अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल,पिथौरा जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, बसना जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मोहित पटेल, रेमडा सरपंच प्रतिनिधि सोहन पटेल, बामडाडीह सरपंच शशिकला पटेल,बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के प्रयासों की सराहना की और नल-जल योजना शुरू होने पर खुशी व्यक्त की। यह लोकार्पण समारोह भाजपा सरकार की ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएँ पहुँचाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# गरियाबंद में बालिका गृह खोलने की मांग तेज, महिलाओं की प्रतिनिधि मंडली ने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से की मुलाकात

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिले में बालिका संरक्षण और पुनर्वास के लिए लंबे समय से लंबित मांग को लेकर आज गरियाबंद की महिला प्रतिनिधियों का एक दल राज्य सरकार के समक्ष पहुंचा। महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा से गरियाबंद बाल कल्याण समिति की सदस्य तथा स्वावलंबी महिला विकास समिति गरियाबंद की टीम ने मुलाकात कर गरियाबंद जिला मुख्यालय में बालिका गृह खोलने की औपचारिक मांग प्रस्तुत की।इस प्रतिनिधि मंडल में समिति की अध्यक्ष बिंदु वर्मा,सदस्य विनिता शर्मा,गुलेश्वरी ठाकुर और साक्षी कुटारे शामिल रहीं।सभी ने मिलकर जिले की संवेदनशील स्थिति और बालिकाओं को होने वाली परेशानियों का विस्तृत विवरण विस्तार से बताया।




14 साल पहले बना जिला, अब भी बालिका गृह का अभाव,,,गरियाबंद जिला गठन के 14 साल बाद भी यहां बालिका गृह की सुविधा उपलब्ध नहीं है। यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है और कई गांव जंगलों के भीतर बसे हुए हैं। रायपुर की दूरी करीब 90 किलोमीटर होने के कारण कई बार मामले गंभीर हो जाते हैं, लेकिन त्वरित संरक्षण उपलब्ध नहीं हो पाता।स्थानीय महिला प्रतिनिधियों ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ बालिकाओं तक सही समय पर नहीं पहुंच पा रहा है, क्योंकि किसी भी संवेदनशील स्थिति में बालिकाओं को मजबूरी में रायपुर भेजना पड़ता है, जहां वे मानसिक रूप से जाने को तैयार नहीं होतीं। बाल कल्याण समिति की सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता ताकेश्वरी साहू ने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को एक विस्तृत आवेदन सौंपकर स्पष्ट कहा कि गरियाबंद आदिवासी, नक्सल प्रभावित और दूरस्थ इलाका है,यहां बाल कल्याण समिति के समक्ष आने वाले बच्चे शिक्षा छोड़ चुके,अनाथ है,परित्यक्त एवं गरीब परिवारों के और पॉक्सो पीड़िताएँ गंभीर मानसिक, शैक्षिक और सामाजिक समस्याओं से जूझते हैं।

# स्व-सहायता समूहों ने मजबूत की आर्थिक स्थिति

### प्रधानमंत्री आवास योजना से किरवई में नई उमीद, गांव में विकास कार्यों से बढ़ी समृद्धि

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिला मुख्यालय गरियाबंद से लगभग 55 किलोमीटर दूर बसे ग्राम किरवई की पहचान एक समृद्ध,मेहनतकश और कृषि आधारित गांव के रूप में की जाती है।यहां के लोग प्रारंभ से ही कृषि कार्य में दक्ष,मेहनती और निष्ठावान रहे है। जिसके कारण गांव की सामाजिक व आर्थिक स्थिति वर्षों से मजबूत रही है।ग्राम पंचायत किरवई की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि दर्शाती है कि प्रारंभ में यहां कुल 557 परिवार निवासरत थे। यह गांव स्टेट हाईवे से मात्र 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और यहां के लोगों का प्रमुख जीविकोपार्जन स्रोत कृषि और मजदूरी है। गांव में स्थित शीतला मंदिर, पुजेरिन दाई मंदिर तथा शीतला तालाब यहां के प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं। वर्तमान में ग्राम की कुल जनसंख्या 3 हजार 612 है, जिसमें 1 हजार 862 महिलाएं तथा 1 हजार 750 पुरुष शामिल हैं। किरवई में कुल 20 वार्ड हैं।यहां अनुसूचित जनजाति के 179, अनुसूचित जाति के 170, अन्य पिछड़ा वर्ग के 3 हजार 125 तथा सामान्य वर्ग के 119 मतदाता सहित कुल मतदाता संख्या 2 हजार 725 है। यहाँ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 122 आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। किरवई के लोगों की आर्थिक स्थिति में बीते वर्षों में काफी सुधार हुआ है। कृषि, मजदूरी, स्व-सहायता समूह गतिविधियों तथा अन्य रोजगार साधनों ने लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया है। ग्राम संगठन के अंतर्गत कुल 25 महिला स्व-सहायता समूह सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। इन समूहों ने बैंक से ऋण प्राप्त कर आय में वृद्धि की है तथा कृषि एवं इससे संबंधित अनेक गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बने हैं। ग्राम में शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनेक विकास कार्य स्वीकृत किए जा चुके हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर शौचालय निर्माण, मनरेगा के तहत बकरी शेड, नाली निर्माण, सीसी रोड, गौठान निर्माण, तालाब गहरीकरण, रंगमंच निर्माण, बाउंड्रीवाल निर्माण सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासों का निर्माण जैसे कार्यों ने गांव की संरचनात्मक सुविधाओं में व्यापक सुधार किया है। स्वच्छता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बड़ा परिवर्तन आया है। शौचालय, नालियां और सोख्ता गड्ढे बनने से गांव स्वच्छ हुआ है और बीमारियों में कमी आई है। उज्ज्वला योजना के तहत ग्रामीणों को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाने से लकड़ी पर निर्भरता कम हुई है, जिससे पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिली है। हर घर बिजली योजना के तहत गांव के प्रत्येक घर तक विद्युत सुविधा पहुंच गई है। नल-जल कनेक्शन उपलब्ध होने से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता में वृद्धि हुई है। गांव की महिलाएं नवाचार कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत हुई है।

गांव की निवासी कान्ति बाई साहू बताती हैं कि पहले वह अपने परिवार के साथ मिट्टी, खपरैल और घास-फूस वाले घर में रहती थीं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पक्का मकान बनाना उनके लिए असंभव होता था।

### 13 दिसम्बर को रक्षित केन्द्र गरियाबंद में चरित्र सत्यापन अनिवार्य

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा वर्ष 2023-24 के अंतर्गत 9 दिसम्बर 2025 को प्रकाशित चयन सूची में जिला गरियाबंद के लिए चयनित सभी वर्गों के आरक्षक (जीडी) एवं आरक्षक ट्रेड (वाहन चालक) के अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। जिला पुलिस प्रशासन द्वारा बताया गया कि नियुक्ति प्रक्रिया की आगामी औपचारिकताओं को पूर्ण करने के लिए सभी चयनित अभ्यर्थियों को 13 दिसम्बर 2025 को प्रात: 10 बजे रक्षित केन्द्र गरियाबंद में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना है।

इस दौरान अभ्यर्थियों का चरित्र सत्यापन किया जाएगा, जिसके लिए अनुप्रमाणन (वेरिफिकेशन) फार्म भरना आवश्यक है।चरित्र सत्यापन को पूर्ण करने हेतु अभ्यर्थियों को अपने साथ सभी आवश्यक मूल दस्तावेज तथा उनकी स्व-प्रमाणित प्रतियां अवश्य लानी होंगी। इन दस्तावेजों में 10वीं की अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण पत्र,भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र (यदि लागू हो),एनसीसी प्रमाण पत्र, खेल उपलब्धियों से संबंधित दस्तावेज,रंगीन छह पासपोर्ट साइज फोटो शामिल हैं।इसके अतिरिक्त, ऑनलाइन आवेदन की पावती,फिजिकल एवं लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र भी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे।

## संक्षिप्त-खबर

### सारंगढ़ में गौरव पथ निर्माण के लिए 5 करोड़ तथा गार्डन निर्माण हेतु 1 करोड़ की स्वीकृत, मुख्यमंत्री ने किया था घोषणा

**सारंगढ़( समय दर्शन )।** जिला भाजपा कार्यालय के लोकार्पण के अवसर पर सारंगढ़ आए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सारंगढ़ की धरती से भाजपा कार्यकर्ताओं के माँग पर भारत माता चौक से लेकर कोसीर चौक तक गौरव पथ निर्माण का माँग किया था जिसे मुख्यमंत्री साय ने मंच से घोषणा किया साथ ही सारंगढ़ में गार्डन निर्माण का भी घोषणा किया था, जिसे नगरीय प्रशासन विभाग ने गौरव पथ के लिए 5 करोड़ रुपए तथा गार्डन के निर्माण 1 करोड़ रुपए की राशि कुल 6 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृति प्रदान किया गया है।

जिला भाजपा अध्यक्ष ज्योतिलाल पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद सारंगढ़ क्षेत्र का विकास प्राथमिकता में है, एक सुग्घर सारंगढ़ बनाने का संकल्प है जिसमे प्रदेश सरकार ने लगातार कई करोड़ यहाँ के विकास कार्यों के जारी किया है, आगामी अभी कई योजना सारंगढ़ विकास के लिये हमारे पास है जिसका भी माँग शासन से किया जाएगा और निश्चित ही सरकार का सहयोग मिलेगा।

ज्ञात हो की मुख्यमंत्री जी के आगमन पर जिला भाजपा अध्यक्ष ज्योतिलाल पटेल ने उक्त माँग किया था जिसे लोकप्रिय सांसद राधेश्याम राठिया ने मंच पर माँग रखा था जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार करते हुए तत्काल घोषणा किया था। बहरहाल नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दिया गया है जिससे नगर में हर्ष व्याप्त है।

### बाबा गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव कार्यक्रम के लिए 19 तक आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़, बिलाईगढ़( समय दर्शन )।** शिरोमणी बाबा गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव 2025 जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 21 दिसंबर को प्रात: 11 बजे से जिला मुख्यालय में गुरू घासीदास पुष्पवाटिका सारंगढ़ में किया जायेगा। इस कार्यक्रम में अनुसूचित जाति वर्ग के समुदाय की पारंपरिक लोककला पंथी नृत्य, पंथी गायन कार्यक्रम में भाग लेने वाले दल अपने दल प्रमुख का नाम, मोबाईल नंबर, ग्राम का नाम, प्रतिभागियों की संख्या विवरण सहित जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, शासकीय पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय कॉलेज के पास कोसीर रोड जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 19 दिसंबर 2025 तक जमा कर सकते है। इसके पश्चात कार्यालय द्वारा दूरभाष, मोबाईल से दल प्रमुख को सूचना दिया जावेगा, तत्पश्चात 21 दिसंबर 2025 को कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। जिला स्तरीय लोककला पंथी नृत्य कार्यक्रम में ग्रामीण, शहरी दल अथवा स्कूल छात्रावास के प्रतिभागी, दल भी शामिल हो सकते है। पंथी नृत्य, गायन कार्यक्रम में निर्णायक मण्डल द्वारा प्रदत्त प्राप्तांक के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दल को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर मिलेगा तथा दल को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने हेतु जाने एवं वापस लाने के साथ भोजन व्यवस्था भी उपलब्ध कराया जायेगा। कार्यक्रम से संबंधित अन्य जानकारी राजकुमार अजगल्ले मोबाईल नंबर 9424180600 एवं अजय विश्वकर्मा मोबाईल नंबर 8103044898 से प्राप्त किया जा सकता है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीयन नि:शुल्क रखा गया है।प्रतिभागियों को कार्यक्रम की प्रस्तुति हेतु वाद्ययंत्र आदि स्वयं लेकर आना होगा।

### नागाबुड़ा में 25.50 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त, आरोपिया गिरफ्तार

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर बीएस उईके के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में गरियाबंद जिले के आबकारी टीम द्वारा कार्यवाही व सघन गश्त के दौरान वृत्त गरियाबंद के अंतर्गत ग्राम नागाबुड़ा में अवैध कच्ची महुआ शराब के खिलाफकार्यवाही किया गया।जिसमें आरोपीया दुरपत गुप्ता,पति संतोष गुप्ता उम्र 42 वर्ष निवासी नागाबुड़ा थाना गरियाबंद के आधिपत्य से कुल 25.50 लीटर अवैध कच्ची महुआ मदिरा बरामद कर कब्जे में लिया गया तथा आरोपिया के विरूध्द छत्तीसगढ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबध्द कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक नागेशराज श्रीवास्तव,आबकारी मुख्य आरक्षक चंदलोल गायकवाड़,आबकारी आरक्षक पिताम्बर चौधरी,नगर सैनिक संजय नेताम,मनीष कश्यप, महिला नगर सैनिक हेमबाई साहू,कामिनी सोनी वाहन चालक शैलेन्द्र कश्यप,गोवर्धन सिन्हा का विशेष योगदान रहा।

### नवीन शासकीय महाविद्यालय ठेलका साजा में एच आई वी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बेमेतरा ( समय दर्शन )।** स्वास्थ्य विभाग जिला बेमेतरा साजा विकासखण्ड अंतर्गत नवीन शासकीय महाविद्यालय ठेलका में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के अवसर पर एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया यह जागरूकता अभियान नवीन शासकीय महाविद्यालय में 10 दिसम्बर को कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अमृत लाल रोहलेडार के मार्गदर्शन तथा जिला एड्स नियंत्रण समिति के नोडल अधिकारी डॉ चंद्रप्रकाश व बी एम ओ डॉ ए के वर्मा के सहयोग से जिला बेमेतरा, साजा के नवीन शासकीय महाविद्यालय ठेलका में एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय लक्ष्मी दीवान के उपस्थिति में महाविद्यालय के सभी छात्र छात्राओं को आई सी टी सी काउंसलर अभिषेक राजपूत के द्वारा एचआईवी/एड्स होने के कारण एवं बचाव की जानकारी दिया गया, साथ ही साथ उसके लक्षण और टोल फ्री नंबर 1097 की भी जानकारी दिया गया।

बस्तर संभाग के सातों जिलों और नुवाबाट के खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत कर दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

## आपका मुख्यमंत्री आपके समाज के बीच का है, आपका भाई है....आप आगे बढ़ें, सरकार हर कदम पर आपके साथ खड़ी है - मुख्यमंत्री




**रायपुर।** आपका मुख्यमंत्री आपके समाज के बीच का है, आपका भाई है....आप आगे बढ़ें, सरकार हर कदम पर आपके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज बस्तर ओलिंपिक 2025 के तहत संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज जगदलपुर के स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में संभाग स्तरीय बस्तर ओलिंपिक का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने समूचे बस्तर संभाग के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों के खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार बस्तर के गांव-गांव तक विकास की धारा पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप बस्तर अब शांति, समरसता और समृद्धि की ओर निरंतर अग्रसर हो रहा है और प्रदेश तथा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर के युवाओं ने बड़ी संख्या में इस महती आयोजन में भाग लेकर इसे सफल और ऐतिहासिक बनाया है। सबसे अधिक हर्ष की बात यह है कि बस्तर ओलम्पिक में नुवाबाट के प्रतिभागियों ने भी उत्साहपूर्वक शामिल होकर इसे एक विशेष आयाम प्रदान किया है। बड़ी संख्या में बेटियों और बहनों की सहभागिता यह प्रमाणित करती है कि बस्तर में महिला सशक्तिकरण नई दिशा ले रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सरकार बस्तर के युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें विकास में सहभागी बनाने के लिए कटिबद्ध है। यही कारण है कि बस्तर के युवा लोकतंत्र में आस्था एवं विश्वास के साथ आगे आ रहे हैं और विकास यात्रा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता के विजेता आने वाले समय में खिलाड़ियों के लिए रोल मॉडल बनेंगे। सरकार बस्तर के युवाओं को बेहतर अवसर एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करेगी। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक स्पर्धाओं में गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतकर आने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः तीन-तीन करोड़, दो करोड़ तथा एक करोड़ रुपए की सम्मान निधि प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि बस्तर ओलम्पिक न केवल युवाओं को खेल के माध्यम से आगे बढ़ाने की पहल है, बल्कि उन्हें विकास की मुख्यधारा में सम्मिलित करने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि बस्तर में खेल अधोसंरचना को और मजबूत किया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों को उचित मंच मिल सके। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल जितना सिखाता है, उतना ही हार से सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देता है। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बस्तर ओलम्पिक युवाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का सकारात्मक प्रयास है। उन्होंने कहा कि सरकार बस्तर के अंदरूनी इलाकों के युवाओं को अधिक अवसर देकर उन्हें प्रोत्साहित कर रही है और भविष्य में यह पहल और अधिक सशक्त रूप में जारी रहेगी। इस अवसर पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप और ओलम्पिक में ब्रॉन्ज मेडल सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक विजेता खिलाड़ी पद्मश्री एम.सी. मेरीकॉम ने भी उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और शुभकामनाएँ दीं।

## अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल होने पर प्रदेश एवं देशवासियों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं



**रायपुर।**

खुशियों और प्रकाश का पर्व दीपावली अब विश्व स्तर पर भारत की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता प्राप्त कर चुका है। यूनेस्को की इंटरगवर्नमेंटल कमेटी ने नई दिल्ली स्थित लाल किला परिसर में चल रही बैठक के दौरान 'दीपावली, द फेस्टिवल ऑफ लाइट्स' को प्रतिनिधि सूची में शामिल करने का निर्णय लिया, जिससे यह भारत की 16वीं अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर बन गई है।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने प्रदेशवासियों और देशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है। उन्होंने कहा कि अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देने वाली दीपावली को वैश्विक मान्यता मिलना भारत की आध्यात्मिक परंपरा, सांस्कृतिक विविधता और साझा उत्सवधर्मिता की स्वीकृति है।

संस्कृति मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रभु श्रीराम के वनवास का बड़ा हिस्सा आज के छत्तीसगढ़ क्षेत्र के घने वनों और आश्रमों में व्यतीत हुआ, जिससे यह धरती स्वयं श्रीराम की पावन चरण-पथ से अभिमंडित है। ऐतिहासिक और पौराणिक संदर्भों में छत्तीसगढ़ को प्रभु श्री राम का ननिहाल माना जाता है, क्योंकि माता कौशल्या की जन्मस्थली मानी जाने वाली चंदखुरी में उनका प्राचीन मंदिर स्थित है, जो श्री राम-कौशल्या संबंध का सजीव प्रतीक स्थल है।

उन्होंने कहा कि इसी भावनात्मक रिश्ते के कारण छत्तीसगढ़ की जनता प्रभु श्रीराम को स्नेहपूर्वक 'भांचा राम' कहकर संबोधित करती है। भांचा के प्रति विशेष सम्मान की अभिव्यक्ति के रूप में यहां चरण स्पर्श करने की लोकपरंपरा प्रचलित है, जो छत्तीसगढ़ी समाज में श्रीराम के प्रति अपनत्व, भक्ति और पारिवारिक निकटता की अनूठी मिसाल प्रस्तुत करती है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि दीपावली का यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल होना छत्तीसगढ़ के लिए भी गर्व का क्षण है, क्योंकि यह वही त्योहार है जो श्रीराम के अयोध्या लौटने की स्मृति में गांव-गांव में लोकोत्सव और पारिवारिक परंपराओं के रूप में यहां विशेष उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह मान्यता दीपावली को केवल धार्मिक पर्व न मानकर एक सांस्कृतिक, सामाजिक समरसता, पारिवारिक मिलन, लोककला, दीप सज्जा, रंगोली, गीत-संगीत और पारंपरिक हस्तशिल्प के व्यापक उत्सव के रूप में स्वीकार करती है।

## 4-5 वर्षों से लापता दिव्यांग युवती ममता की हुई घर वापसी



**रायपुर।** स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मौलिक अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के प्रति सदैव सजग रहेंगे, उन्हें महत्व देंगे। नारी निकेतन अम्बिकापुर ने मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए पिछले 4-5 वर्षों से लापता मानसिक रूप से विक्षिप्त एवं शारीरिक रूप से विकलांग युवती ममता उर्फ अंशु पासवान को उसके परिवार से मिलाया। यह मिलन विशेष रूप से भावुक रहा क्योंकि मानवाधिकार दिवस के अवसर पर ममता को अपने जीवन का सबसे बड़ा अधिकार घर और परिवार का स्नेह वापस मिला। वर्षों बाद अपनी बेटी को देखकर पिता भावुक हो उठे और संस्था द्वारा की गई देखभाल, सुरक्षा, पोषण, उपचार और सहयोग के लिए गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। अक्टूबर 2025 में बैकुंठपुर रेलवे स्टेशन के पास भटकती हुई अवस्था में मिली ममता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और शारीरिक विकलांगता के कारण वह चलने-फिरने में भी असमर्थ थी। 15 अक्टूबर 2025 से वह नारी निकेतन में रह रही थी, जहाँ वह अपना नाम, घर और पहचान तक बताने में असमर्थ थी। नारी निकेतन ने उसे न केवल सुरक्षित आश्रय दिया, बल्कि जिला चिकित्सालय अम्बिकापुर के मनोरोग विभाग से निरंतर उपचार और संस्था के परामर्शदाताओं द्वारा नियमित काउंसलिंग की सुविधा प्रदान की। धीरे-धीरे मानसिक स्थिति सुधरने पर ममता को अपने पिता का मोबाइल नंबर याद आया, जिससे उसकी पहचान का महत्वपूर्ण सुराग मिला। संस्था द्वारा संपर्क किए जाने पर पता चला कि ममता नालंदा (बिहार) की निवासी है। इसके बाद सखी वन स्टॉप सेंटर नालंदा ने फोटो के माध्यम से पहचान की पुष्टि की और उसके परिवार का पता निर्धारित किया। दोनों संस्थाओं के लगातार समन्वय एवं प्रयासों से युवती का पुनर्वास संभव हो सका। मानवाधिकार दिवस 10 दिसंबर 2025 को नारी निकेतन में औपचारिक रूप से ममता को उसके पिता श्री कैलाश पासवान और परिजनों को सौंप दिया गया। वर्षों बाद अपनी बेटी को देखकर पिता भावुक हो उठे और संस्था द्वारा की गई देखभाल, सुरक्षा, पोषण, उपचार और सहयोग के लिए गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। बिहार शरीफ के छोटे कृषक श्री पासवान ने कहा कि उनकी बेटी का सुरक्षित मिलना उनके लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है।

## सेवा भाव से बनाइए लोगों के बीच अपनी साख: स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल



**रायपुर।** आयुर्वेद की विधा विश्व की सबसे पुरानी विधा है और आयुर्वेद पद्धति में सभी रोगों की दवा मौजूद है, यही वजह है कि इसका जिक्र वेदों और पुराणों में भी है। आप सभी ऐसा सेवा भाव दिखाइए की लोगों के बीच आपकी स्वाभाविक साख बने क्योंकि आयुर्वेद सिर्फ एक विषय नहीं है बल्कि यह जीवन जीने की कला भी है। यह बातें स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज राजधारी रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में आयुर्वेद चिकित्सा की पढ़ाई कर रहे छात्रों से कहा। उन्होंने कहा कि आप सभी भविष्य के चिकित्सक हैं इसलिए ऐसा इलाज करिएगा की लोग आयुर्वेद के प्रति आकर्षित हों और खुद आपके पास चलकर आएं। इस दौरान आयुर्वेद चिकित्सा की पढ़ाई कर रहे स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्रों ने स्वास्थ्य मंत्री से खुलकर चर्चा भी की और अपनी मांगों को भी रखा। उनकी बातें सुनकर स्वास्थ्य मंत्री ने आयुर्वेद महाविद्यालय में शिक्षा के स्तर को और बेहतर करने तथा संसाधनों को लगातार बेहतर करते रहने का आश्वासन दिया। श्याम बिहारी जायसवाल ने इस दौरान आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय का भ्रमण भी किया और विभिन्न विषयों के प्रयोगशालाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा छात्रों के लिए प्रयोगशाला रीढ की हड्डी के समान है जिसकी वजह से आपका पूरा ज्ञान निखरकर सामने आता है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री अमित कटारिया, आयुष विभाग की संचालक सुश्री संतन देवी जांगड़े, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.के. जोशी समेत आयुष विभाग के अधिकारी तथा महाविद्यालय के अध्यापक उपस्थित थे।

मंत्री श्री अग्रवाल ने सहृदयता दिखाते हुए भवन निर्माण हेतु 20 लाख रू की राशि मौके पर ही स्वीकृत की

## पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने किया स्कूल भवन का भूमि पूजन





**रायपुर।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने सरगुजा जिले के अंबिकापुर विकासखण्ड स्थित ग्राम पंचायत बिनकरा में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल भवन के निर्माण का भूमि पूजन किया। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मंत्री श्री अग्रवाल ने विधायक निधि से 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है।

इस अवसर पर बिनकरा गांव के श्री पसिंदर राजवाड़े और उनके परिवार ने शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देते हुए लगभग 50 डिसमिल भूमि दान कर गांव वालों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। यह दान गांव की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देगा।

मंत्री श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज की असली ताकत है। बिनकरा के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए इस नए स्कूल भवन का निर्माण आवश्यक था। भूमि दान करने वाले परिवार और गांव के सभी लोगों को मैं दिल से धन्यवाद देता हूँ। हमारा उद्देश्य प्रदेश के हर बच्चे के लिए आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है, और इस दिशा में हम निरंतर कार्य कर रहे हैं।

मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने आगे कहा कि शिक्षा से ही व्यक्ति और समाज का विकास संभव है। बिनकरा गांव में सरस्वती शिशु मंदिर के नए स्कूल भवन का निर्माण न केवल इस गांव के बच्चों के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के भविष्य के लिए एक मजबूत आधारशिला साबित होगा। मैं आशा करता हूँ कि यह प्रयास शिक्षा के क्षेत्र में नई उपलब्धियाँ और उज्ज्वल भविष्य लेकर आएगा। स्थानीय परिवार द्वारा भूमि दान जैसे कदम समाज में एकता और विकास की मिसाल है। हमारा संकल्प है कि प्रदेश के हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचे जिससे कि वे अपने सपनों को पूरा कर सकें।

मंत्री राजेश अग्रवाल की पहल और गांव वालों के सहयोग से ग्राम पंचायत बिनकरा में निर्माणाधीन यह स्कूल भवन शैक्षणिक विकास में अहम भूमिका निभाएगी और बच्चों के सपनों को साकार करने में मददगार होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### वी बिज़नेस ने स्मार्ट गैस मीटरिंग समाधानों के साथ आईओटी पोर्टफोलियो का किया विस्तार

**मुंबई :** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी की एंटरप्राइज़ शाखा और भारत के अग्रणी आईओटी समाधान प्रदाता वी बिज़नेस ने सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) के लिए स्मार्ट गैस मीटरिंग समाधानों के साथ अपने अडवान्स्ड मीटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर (एएमआई) पोर्टफोलियो के विस्तार की घोषणा की है। 2018 में भारत की पहली तैनाती के साथ स्मार्ट मीटर एनर्जी सिस्टम में अग्रणी, वी बिज़नेस अब देश के तेज़ी से विकसित होते सीजीडी सेक्टर की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए अपनी आईओटी एवं एएमआई क्षमताओं का विस्तार कर रहा है। यह युटिलिटी ढांचे को आधुनिक बनाने, संचालन के मानकों को बेहतर बनाने तथा ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में डिजिटल मीटर के अडॉप्शन को बढ़ाने की दिशा में सरकार के प्रयासों को समर्थन देने की वी की प्रतिबद्धता को सशक्त बनाता है। पेट्रोलियम और नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड (पीएनजीआरबी) का अनुमान है कि सीजीडी सेक्टर इस दशक के अंत तक भारत में नेचुरल गैस का सबसे बड़ा उपभोक्ता बन जाएगा, जो कुल वॉल्यूम का लगभग एक-तिहाई होगा। मांग बढ़ने के साथ, स्मार्ट गैस मीटरिंग सीजीडी कंपनियों के लिए एक ज़रूरी चीज़ बन गई है, जो लीकेज, चोरी, मैनुअल बिलिंग की गलतियों और हेराफेरी के कारण होने वाले लॉस्ट एंड अनअकाउंटेड गैस (गैस जिसका हिसाब न हो सके) की समस्या से निपटना चाहती हैं। वी बिज़नेस का स्मार्ट गैस मीटरिंग समाधान नैरोबैण्ड-आईओटी टेक्नोलॉजी और सशक्त कम्युनिकेशन नेटवर्क्स का उपयोग करता है, जिससे सीजीडी ऑपरेटरों को संचालन क्षमता बढ़ाने और बिलिंग की सटीकता में सुधार लाने में मदद मिलती है। अरविंद नेवातिया, चीफ़ एंटरप्राइज़ बिज़नेस ऑफिसर, वी ने कहा, ''डिजिटल मीटरिंग- युटिलिटीज़ के संचालन के तरीके को बदल रही है, और स्मार्ट गैस मीटरिंग, भारत के युटिलिटी रूपान्तरण का अगला महत्वपूर्ण कदम है। हमारी प्रमाणित आईओटी एवं एएमआई विशेषज्ञता के साथ हम सीजीडी ऑपरेटरों को उनके नेटवर्क के आधुनिकीकरण एवं अक्षमता का कम करने में मदद करना चाहते हैं, ताकि उनकी सर्विस के परिणामों को बेहतर बनाया जा सके, बिना हिसाब वाली गैस की मात्रा में कमी लाकर उनके राजस्व में सुधार लाया जा सके। आने वाले समय में भी वी बिज़नेस भारत के युटिलिटी सेक्टर को स्केलेबल एवं भविष्य के अनुकूल समाधानों के साथ सशक्त बनाता रहेगा।'

### कोटक सिक्योरिटीज 2026 मार्केट आउटलुक : वैश्विक उथल-पुथल के बीच इक्विटी मार्केट बना रहेगा मजबूत, सोना और चमकेगा

**मुंबई :** कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड (कोटक नियो) ने अपना मार्केट आउटलुक 2026 जारी किया है, जिसमें वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय शेयर बाजार और कमोडिटी (जैसे सोना) में मजबूती की उम्मीद जताई गई है। रिपोर्ट में आने वाले साल में निवेशकों के ध्यान देने लायक बड़े आर्थिक रुझान, सेक्टर के अवसर और कमोडिटी के अनुमान बताए गए हैं। कोटक सिक्योरिटीज के एमडी एंड सीईओ श्रीपाल शाह ने कहा कि, वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत ग्रोथ का मजबूत केंद्र बना हुआ है। हमारी इक्विटी पर राय पॉजिटिव है, क्योंकि कॉर्पोरेट अर्निंग अच्छी रहने की उम्मीद है और नीतिगत माहौल भी सहयोगी है। 2026 में सोना एक सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में अपनी चमक बनाए रखेगा। युवा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी से बाजार और मजबूती पकड़ेगा और वेल्थ क्रिएशन के नए अवसर पैदा होंगे। इंडस्ट्री के मोर्चे पर उन्होंने आगे कहा कि, लेटेस्ट सेबी सर्वे के अनुसार, 63त्न परिवार कम से कम एक सिक्योरिटीज मार्केट प्रोडक्ट के बारे में जानते हैं, लेकिन सिर्फ 9.5त्न परिवार ही वास्तव में निवेश करते हैं। इसका मतलब है कि भारत के इक्विटी बाजार में अभी भी बहुत बड़ा अनछुआ संभावित हिस्सा मौजूद है। ब्रोकरेज फर्मों को आगे आकर निवेश को आसान और सभी के लिए सुलभ बनाना चाहिए। कोटक सिक्योरिटीज मार्केट आउटलुक 2026 रिपोर्ट में आने वाले साल के महत्वपूर्ण ट्रेंड और उनके प्रभाव बताए गए हैं।

### इस सर्दी में अपनी त्वचा की देखभाल करें कैलिफ़ोर्निया बादाम के साथ : ऋतिका समद्दार

**रायपुर।** ऋतिका समद्दार, रीजनल हेड, डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली ने बताया सर्दियाँ अपने साथ सुकून भरी रातें और त्योहारों का उत्सव लेकर आती हैं, लेकिन कई लोगों के लिए यह एक परिचित चुनौती भी पेश करती है: शुष्क, बेरंग और संवेदनशील त्वचा। ठंडी हवा त्वचा से नमी खींच लेती है, जिससे यह रूखी और जलनशील हो जाती है। टॉपिकल स्किनकेयर मदद कर सकता है, लेकिन लंबे समय तक पोषण शरीर के अंदर से ही शुरू होता है। न्यूट्रिशनिस्ट ऋतिका समद्दार बताती हैं कि सर्दियों में त्वचा की देखभाल का सबसे प्रभावी तरीका सही खाद्य पदार्थों के माध्यम से शरीर को पोषण देना है। वह बताती हैं कि सर्दियों में त्वचा की सूखापन केवल स्किनकेयर का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह पोषण से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने प्रोटीन, स्वस्थ वसा, विटामिन ई और ओमेगा-3 से भरपूर खाद्य पदार्थों के सेवन पर जोर दिया, जैसे फैटी फिश और कैलिफ़ोर्निया बादाम। रोज़ाना बादाम को अपने आहार में शामिल करने से त्वचा को भीतर से पोषण मिलता है और यह कठोर मौसम में भी मुलायम, हाइड्रेटेड और स्वस्थ बनी रहती है। बादाम आवश्यक पोषक तत्वों का एक शक्तिशाली स्रोत हैं, जो त्वचा के स्वास्थ्य को कई तरीकों से समर्थन प्रदान करते हैं। यह विटामिन श्व के सबसे समृद्ध प्राकृतिक स्रोतों में से एक हैं, जो एक महत्वपूर्ण एंटीऑक्सीडेंट है और त्वचा को क्षति से बचाता है। विटामिन ई त्वचा की प्राकृतिक सुरक्षा परत को भी मजबूत करता है, जिससे यह नमी बनाए रखती है और कठोर सर्दियों में मुलायम बनी रहती है। इसके अलावा, विटामिन श्व में एंटी-एजिंग गुण भी पाए जाते हैं, जो त्वचा की इलास्टिसिटी बनाए रखने में मदद करते हैं। कैलिफ़ोर्निया बादाम को सर्दियों में आवश्यक बनाने का एक और कारण है इनमें मौजूद उच्च मात्रा में हेल्दी मोनोअनसैचुरेटेड फैट्स। ये हेल्दी फैट्स त्वचा के लिए अंदरूनी मॉइस्चराइज़र का काम करती हैं, जिससे त्वचा की इलास्टिसिटी में सुधार होता है और अत्यधिक सूखापन से बचाव होता है। यह त्वचा को भरी-भरी और मुलायम बनाए रखने में मदद करती हैं, साथ ही ठंडे मौसम में प्रमुख रूप से दिखाई देने वाली फाइन लाइंस की विजिबिलिटी को कम करती हैं। बादाम प्रोटीन, राइबोफ्लेविन और जिंक से भी भरपूर होते हैं, जो संपूर्ण त्वचा के स्वास्थ्य को बनाए रखने में सहायक हैं।

# संपादकीय

## खेल बुनियादी ढांचे पर भी सवाल

अब हरियाणा के खेल बुनियादी ढांचे पर भी सवाल खड़ा होने लगे हैं, जिससे वहां प्रतिभाओं के उदय की जमीन तैयार हुई थी। 48 घंटों के अंदर दो बॉस्केटबॉल खिलाड़ियों की हादसों में मौत की खबर सदमा पहुंचाने वाली है। भारत के खेल मानचित्र पर इस सदी में हरियाणा का शानदार उदय हुआ। वहां से निकले पहलवानों, निशानेबाजों, एवं दूसरे एथलीट ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बढ़ा कर देश के अंदर हरियाणा की हैसियत बढ़ाई। जैवेलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा की उपलब्धियां इस कहानी को चरम ऊंचाई तक ले गईं। इन सफलताओं का श्रेय इस सदी के आरंभ से हरियाणा में बने स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को दिया गया। लेकिन हाल के वर्षों में हरियाणा की प्रतिष्ठा पर आंच आने लगी है। पहले तो वहां से उभरी महिला पहलवानों के यौन शोषण के कथित मामलों ने माहौल खराब किया। अब उस बुनियादी ढांचे पर भी सवाल खड़ा होने लगे हैं, जिससे वहां प्रतिभाओं के उदय की जमीन तैयार हुई। 48 घंटों के अंदर दो बॉस्केटबॉल खिलाड़ियों की मौत की खबर सदमा पहुंचाने वाली है। रोहतक के करीब लखन माजरा में 16 वर्षीय हार्दिक राठी की मृत्यु बास्केटबॉल कोर्ट में खंभा गिरने से हो गई। दो दिन पहले बहादुरगढ़ के पास 15 वर्षीय अमल की मौत इसी तरह के हादसे में हुई थी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा ने इल्जाम लगाया है कि लखन माजरा में उपलब्ध धन का उपयोग नहीं किया गया, नतीजतन वहां हुई दुर्घटना सीधे तौर पर सरकारी नाकामी का नतीजा है। यह तो आम समझ है कि ऐसी घटनाएं निरंतर निगरानी और रखरखाव में लापरवाही के कारण ही होती हैं। फिर एक जैसे दो हादसे लगातार हो जाएं, तो उनको लेकर गंभीर सवाल जरूर ही उठाए जाएंगे। हरियाणा सरकार को इन सवालों को गंभीरता से लेना चाहिए। उसे अपने राज्य के खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर का पूरा ऑडिट कराना चाहिए और जहां कमियां पाई जाएं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कराना चाहिए। वरना, खेल जगत में हरियाणा का उदय एक अस्थायी परिघटना बन कर रह जाएगी। उल्लेखनीय है कि हार्दिक राठी की मौत ठीक उस रोज हुई, जिस दिन अहमदाबाद को कॉमनवेल्थ खेलों की मेजबानी मिलने का औपचारिक एलान हुआ। उस आयोजन के लिए वहां सैकड़ों करोड़ रुपए का निर्माण होगा। मगर ऐसे निर्माणों का कोई अर्थ नहीं है, अगर देश में खिलाड़ियों को सुरक्षित और सुविधापूर्ण वातावरण उपलब्ध ना हो।

## भारत की जमीन पर चीन का दावा

**हरिशंकर व्यास**

पिछले दिनों दुनिया ने देखा और सुना कि ब्रिटेन में रहने वाली भारतीय मूल की एक महिला को किस तरह शंघाई हवाईअड्डे पर 18 घंटे तक रोक रखा गया और उसके भारतीय पासपोर्ट को अवैध बताया गया। कारण क्या था? कारण यह था कि पासपोर्ट पर उस महिला का जन्मस्थान अरुणाचल प्रदेश लिखा हुआ था। चीन ने उस महिला से कहा कि अरुणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है इसलिए वहां जन्मी किसी व्यक्ति का पासपोर्ट भारत नहीं जारी कर सकता है। उस महिला को बुरी तरह से परेशान किया गया। उसे पानी खरीदने तक से रोका गया। उसकी फ्लाइट छूट गई तो दूसरी फ्लाइट की टिकट खरीदने से रोका गया। बाद में किसी तरह उसने ब्रिटेन में भारतीय दूतावास से संपर्क किया तो उसको वहां से निकाला जा सका। लेकिन उसके अगले दिन चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने भारत के अभिन्न अंग अरुणाचल प्रदेश को जांगनान बताते हुए कहा कि यह चीन का हिस्सा है और चीन इस पर भारत के कब्जे को मान्यता नहीं देता। चीन पहले भी इस तरह का दावा कर चुका है। इतना ही नहीं आए दिन चीन की सरकार अरुणाचल प्रदेश के अलग अलग हिस्सों के नाम बदलती रहती है। कभी अरुणाचल के किसी पहाड़ का तिब्बती नाम रख दिया जाता है तो कभी किसी नदी का नाम बदल दिया जाता है तो कभी किसी कस्बे का नाम बदल दिया जाता है। चीन अब तक दर्जनों नदियों, पहाड़ों, कस्बों और गांवों के नाम बदल चुका है। जब भी वह ऐसा करता है तो भारत की ओर से एक लाइन की प्रतिक्रिया दी जाती है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और चीन के दावा करने से अरुणाचल उसका नहीं हो जाएगा। सोचें, चीन इसी तरह के दावे करते करते हुए पूर्वी लद्दाख के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर चुका है। भारत की ओर से भले कहा जाएगा कि कोई भारतीय सीमा में नहीं घुसा है लेकिन हकीकत है कि चीन ने जून 2020 में गलवान घाटी में झड़प के बाद उस इलाके में भूगोल बदल चुका है। भारत की सेना पहले जहां तक गश्त करती थ, कई जगह वह इलाका बफर जोन में बदल चुका है। इसी तरह अरुणाचल प्रदेश में चीन लंबे समय से अपने पैर फैला रहा है और भाजपा के सांसद व प्रदेश अध्यक्ष रहे तापिर गाओ ने संसद में खड़े होकर कहा कि भारत की सीमा में 50 किलोमीटर से ज्यादा अंदर चीन के सैनिक घुसे हुए हैं। उन्होंने सड़कें और पुल बनाए हैं। डोकलाम में जो हुआ वह भी पूरे देश ने देखा। क्या इन सबके बावजूद भारत ने कभी चीन के साथ ऐसा कुछ करने का प्रयास किया? भारत के नेताओं के मुंह से चीन का नाम तक नहीं निकलता है। जब चीन अरुणाचल प्रदेश के हिस्सों के नाम बदलता है उसी समय क्या भारत की ओर से अक्साई चिन के उस हिस्से की मांग चीन से नहीं करनी चाहिए, जो पाकिस्तान ने उसे सौंप दी है? अक्साई चिन ऐतिहासिक रूप से भारत का हिस्सा है। लेकिन भारत उस पर दावा नहीं करता है। पीओके लेने की बात कही जाती है तो यह नहीं कहा जाता है कि चीन के कब्जे वाला इलाका भी लेंगे। भारत की ओर से कभी तिब्बत के समर्थन में एक शब्द नहीं निकलता है, जिसे पिछले सदी के पांचवे दशक में चीन ने कब्जा लिया। चार हजार किलोमीटर की लंबी सीमा तिब्बत की थी और वह भारत के लिए बफर का काम करता था। लेकिन भारत तिब्बतियों के अधिकार के समर्थन में नहीं खड़ा होता है। यहां तक कि ताइवान पर चीन के आक्रमणकारी बरताव पर भी भारत खामोश रहता है। उलटे भारत की ओर से लगातार चीन के साथ कारोबार बढ़ाया जा रहा है। भारत अपनी रोजमर्रा की जरुरतों से लेकर तकनीकी, कृषि व ऑटोमोबाइल जरुरतों के लिए लगभग पूरी तरह से चीन से आयात पर निर्भर हो गया है। अकेले चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा एक सौ अरब डॉलर सालाना की सीमा पार कर गया है। चीन आक्रांत है। वह भारत की जमीन पर दावा करता है।

# कांग्रेस की समस्या और बढ़ेगी

**अजीत द्विवेदी**

कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है। यह उसकी एक बड़ी समस्या है। इसमें कोई संदेह नहीं हो सकता है। कांग्रेस के आलाकमान के कमजोर होने की जो धारणा बनी है और सही धारणा बनी है, उसका कारण यह है कि कांग्रेस चुनाव नहीं जीत रही है। 2014 से पहले जब तक कांग्रेस चुनाव जीत रही थी, केंद्र में उसकी सरकार थी और एक दर्जन राज्यों में कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों की सरकार थी, तब तक जैसे भी थे राहुल गांधी बहुत मजबूत थे। वे अपने हिसाब से फैसले करते थे और किसी को भी नेता, मंत्री बना देने में सक्षम थे। लेकिन जब से चुनाव हारने का सिलसिला शुरू हुआ तब से उनकी शक्ति का ह्रास होता गया है और अब ऐसी स्थिति आ गई है कि पार्टी के क्षत्रप अपनी मनमानी कर रहे हैं। हालांकि इसमें कोई नई बात नहीं है। जब पार्टी के सर्वोच्च नेता का करिश्मा चूक जाए और वह चुनाव नहीं जीता सके तो उसकी ताकत कम होती ही है। भाजपा में लालकृष्ण आडवाणी के साथ भी ऐसा ही हुआ था।

लेकिन कांग्रेस की एकमात्र समस्या यह नहीं है कि चुनाव नहीं जिता पाने की वजह से कांग्रेस आलाकमान कमजोर हुआ है। यह उसकी कई समस्याओं में से एक समस्या है। ध्यान रहे भारतीय जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादियों पार्टियों का लंबे समय तक चुनाव हारने का इतिहास रहा है। लेकिन उनके नेतृत्व को लेकर कभी उस तरह से सवाल नहीं उठे, जैसे कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व यानी राहुल गांधी को लेकर उठ रहे हैं। चुनाव हारने वाली पार्टियों के भविष्य पर वैसी चिंता भी नहीं हुई, जैसी कांग्रेस को लेकर हो रही है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि कांग्रेस में राजनीति करने वाले लोगों की कमी हो गई है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने या अखिलेश यादव से लेकर ममता बनर्जी जैसे प्रादेशिक क्षत्रपों ने राजनीति को 24 घंटे का काम बनाया है। राहुल गांधी और उनके नेतृत्व वाली कांग्रेस यह काम नहीं कर पा रही है।



कह सकते हैं कि कांग्रेस की तमाम समस्याओं के मूल में यह कारण है कि उसके यहां राजनीति करने वाले लोग कम हो गए हैं। इस बात को ऐसे भी कह सकते हैं कि राहुल गांधी ने अपने आसपास बड़ी संख्या में अराजनीतिक लोगों को इकट्ठा कर लिया है। उनके सलाहकार, जिसे कोटरी कहते हैं, उसके सदस्य हों या उनकी ओर से राज्यों में नियुक्त किए गए नेता हों, उनमें बड़ी संख्या अराजनीतिक लोगों की है, जिनके साथ कांग्रेस के पुराने राजनीति करने वाले नेता तालमेल नहीं बैठा पा रहे हैं। बिहार में प्रभारी महासचिव कृष्णा अल्लावरू के साथ यही हुआ तो झारखंड के प्रभारी के राजू और तेलंगाना की प्रभारी मीनाक्षी नटराजन के साथ भी यही हो रहा है। महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के साथ यही समस्या है तो बिहार के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के साथ भी यही समस्या है। हिमाचल प्रदेश में नए प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार के साथ यही समस्या आने वाली है। सोचें, सोनिया गांधी के साथ अहमद पटेल, दिग्विजय सिंह, जनार्दन द्विवेदी, मोतीलाल वोरा, एके एंटनी जैसे राजनीति करने वाले लोग थे तो राहुल गांधी के साथ सचिन राव, अलंकार सवाई, मनोज त्यागी, कौशल विद्यार्थी, कृष्णा अल्लावरू, मीनाक्षी नटराजन, हर्षवर्धन सपकाल जैसे निजी सहयोगी या सलाहकार हैं! एक तरफ ऐसे अराजनीतिक लोग हैं तो दूसरी ओर हाइपर एक्टिव डीके शिवकुमार, सिद्धारमैया, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सचिन पायलट, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, रेवंत रेड्डी जैसे नेता हैं। इनका राहुल की टीम के साथ कैसे तालमेल बनेगा?

राहुल गांधी ने अपनी इनर टीम की पुरानी सदस्य मीनाक्षी नटराजन को तेलंगाना का प्रभारी बना कर भेजा है। उनके जाने पर कांग्रेस के नेता पहले तो बड़े खुश हुए लेकिन अब सब परेशान हैं। वे तेलंगाना में पदयात्रा कर रही हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि उनका काम रणनीति बनाने का होना चाहिए, राजनीति करने का नहीं। यह सही है कि वे गांधीवादी तरीके से काम कर रही हैं लेकिन इससे व्यावहारिक राजनीति प्रभावित हो रही है। जुबली हिल्स विधानसभा का उपचुनाव लड़ना था तो कांग्रेस ने जितनी तिकड़म की उससे नटराजन खुश नहीं थीं। सबको पता है कि दक्षिण के सभी राज्यों की राजनीति पैसे के दम पर चलती है। लेकिन मीनाक्षी नटराजन को प्रदेश कांग्रेस का बेहिसाब पैसा बहाना या अजहरूद्दीन को विधान परिषद में भेज कर मंत्री बनाना पसंद नहीं आया। इसी तरह बिहार में कृष्णा अल्लावरू कांग्रेस के वेतनभोगी कर्मचारी की तरह राजनीति करते रहे हैं। वे विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बिहार पहुंचे थे। ऐसे में उन्होंने कांग्रेस के तमाम पुराने नेताओं को साथ लेकर चुनावी राजनीति करनी थी तो उन्होंने उलटे पुराने नेताओं को न सिर्फ हाशिए में डाला, बल्कि उन सबको नाराज कर दिया। उसके बाद भी अगर वे बेहतर गठबंधन और सीट बंटवारा करा पाते तो मान लिया जाता कि वे अच्छे रणनीतिकार हैं। लेकिन गठबंधन और सीट बंटवारे दोनों में उन्होंने कांग्रेस का भट्ठा बैठा दिया।

एक समय था कि सोनिया गांधी के नजदीकी नेताओं और सलाहकारों की टीम के प्रति देश भर के कांग्रेस नेताओं के मन में सम्मान होता था। वे उनसे डरते भी थे। लेकिन अब राहुल गांधी की टीम मजाक का विषय है। उनकी एक 'जय जगत' टीम की चर्चा होती है, जिसके नेता सचिन राव बताए जाते हैं। इस टीम के नेता जाति, धर्म, धनबल, बाहुबल आदि से ऊपर उठ कर राजनीति करने के समर्थक बताए जाते हैं। अच्छी बात है। महात्मा गांधी साध्य की तरह साधन को भी पवित्र मानते थे। लेकिन क्या आज की राजनीति में ऐसा करना संभव और व्यावहारिक है? यह भी सवाल है कि राहुल गांधी जब 20 साल तक पुराने ढंग की राजनीति कर चुके तो अब गांधी मार्ग अपना कर क्या वे कांग्रेस का भला कर पाएंगे? बहरहाल, कांग्रेस के सामने भाजपा के साथ साथ 24 घंटे राजनीति करने वाले प्रादेशिक क्षत्रपों की भी चुनौती है। उनसे निपटने के लिए राहुल गांधी नए और अराजनीतिक लोगों की टीम बना रहे हैं। कह सकते हैं कि कई बार खास किस्म की राजनीति से उब जाने के बाद लोग दूसरा विकल्प पसंद करते हैं। लेकिन भारत में अभी वैसी राजनीति का समय नहीं आया है। दूसरी बात यह है कि धीरे धीरे कांग्रेस पार्टी में ऐसे नेताओं की कमी होती जा रही है, जो अखिल भारतीय राजनीति समझते हैं या देश के हर राज्य में एक राजनीतिक असर रखते हैं। उनकी जगह लेने के लिए दूसरी कतार के नेता जल्दी सामने नहीं आते हैं तो कांग्रेस की समस्या और बढ़ेगी।

# हिंदू आस्था का मान रखने वाले जज के खिलाफ पूरे विपक्ष का एकजुट होना चिंताजनक मिसाल है

**नीरज कुमार दुबे**

हिंदू-बहुल भारत में आखिर यह स्थिति क्यों पैदा हो गई है कि किसी हिंदू को अपने ही प्राचीन धर्मस्थल पर दीपक जलाने या पूजा करने के लिए अदालत से अनुमति लेनी पड़े? यह स्थिति आखिर क्यों पैदा हो गयी है कि न्यायालय पूजा की अनुमति दे दे तो सरकार उस अनुमति के क्रियान्वयन को ही रोक दे? यह स्थिति क्यों बन गयी है कि अदालत अनुमति दे दे तो कुछ राजनीतिक दल उस न्यायाधीश को ही पद से हटाने की मांग करने लगें जिसने हिंदुओं को अपने धर्म स्थल पर पूजा करने की अनुमति दी? क्या यह लोकतांत्रिक व्यवस्था का स्वाभाविक दृश्य है? सवाल उठता है कि तुष्टिकरण की राजनीति की आड़ में हिंदू आस्था को बार-बार क्यों चोट पहुँचायी जाती है? क्या बहुसंख्यक धर्म की परंपराएँ केवल इसलिए संदेह के घेरे में हैं क्योंकि कुछ राजनीतिक दल अपने वोट बैंक की राजनीति को धर्म और इतिहास से ऊपर रख चुके हैं? और क्या अब न्यायपालिका तक को इस आधार पर निशाना बनाया जाएगा कि उसका निर्णय किसी समुदाय को राजनीतिक रूप से असुविधाजनक लगा?

इन मूलभूत प्रश्नों के बीच तिरुप्परनकुंद्रम का दीपथूण विवाद केवल एक धार्मिक अनुष्ठान का मामला नहीं रह गया है; यह प्रशासनिक निष्पक्षता, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हो रही राजनीति की वास्तविकता का आईना बन चुका है। हम आपको बता दें कि मदुरै के तिरुप्परनकुंद्रम में अरुलमिघु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर और उससे सटे 'दीपथूण' (पत्थर के दीप-स्तंभ) पर दीप प्रज्वलन को लेकर उठा विवाद लगातार कानूनी और राजनीतिक टकराव का रूप लेता जा रहा है। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ द्वारा 'दीपथूण' पर दीप जलाने की अनुमति देने के बाद राज्य सरकार ने न केवल इस आदेश को चुनौती दी बल्कि जिला प्रशासन ने भी पर्वत की तलहटी पर ही श्रद्धालुओं को रोक दिया। इस घटना ने न्यायपालिका और राज्य सरकार के बीच तनाव को सार्वजनिक रूप से उद्घाटित कर दिया। हम आपको बता दें कि 1 दिसंबर को न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन ने हिंदू तमिलर कच्ची



के संस्थापक राम रविकुमार की याचिका पर आदेश देते हुए भक्तों को तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित दीपथूण पर दीप जलाने की अनुमति दी थी। लेकिन 3 दिसंबर के कार्तिगई दीपम उत्सव के दिन प्रशासन ने उन्हें रोक दिया जिसके बाद रविकुमार ने अवमानना याचिका दायर की। उसी दिन न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने दस भक्तों को दीपथूण तक जाने और वहाँ दीप प्रज्वलित करने की अनुमति दी तथा उनकी सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ कवर प्रदान करने का निर्देश दिया। इसके बावजूद पुलिस ने समूह को रोक दिया और राज्य सरकार ने अवमानना कार्यवाही से बचने के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

हम आपको बता दें कि इस मामले की जड़ें लगभग सौ वर्ष पुरानी हैं। तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी, जो भगवान मुरुगन के छह प्रमुख पवित्र स्थलों (अरुपडई वीड़कु) में से एक है, वहां पर स्थित मंदिर और एक दरगाह के बीच 1920 से ही स्वामित्व और धार्मिक अधिकारों को लेकर विवाद रहा है। उस समय सिविल कोर्ट और बाद में प्रिवी काउंसिल ने पहाड़ी को मंदिर सम्पत्ति घोषित किया था। किंतु दीप प्रज्वलन की परंपरा को लेकर न्यायालय ने 1996 में यह कहा था कि पारंपरिक स्थान मंदिर परिसर का उचिपिल्लैयार कोविल मंडपम है; हालांकि भविष्य में किसी वैकल्पिक स्थान पर दीप प्रज्वलन की अनुमति HR&CE विभाग द्वारा दी जा सकती है, बशर्ते वह दरगाह से दूर हो।

इसके बाद भी दीपथूण को पारंपरिक स्थल बताकर कई याचिकाएँ दायर हुईं, जिन पर 2014 और 2017 में उच्च न्यायालय ने यह दोहराया था कि मंदिर प्रबंधन ही धार्मिक परंपराओं और स्थलों का निर्धारण करेगा। लेकिन इस वर्ष पुनः इस विवाद ने जोर पकड़ा और राजनीतिक रंग ले लिया। राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय की खंडपीठ में अपील दायर कर दी है। वहीं 5 दिसंबर को खंडपीठ ने मंदिर प्रबंधन का पक्ष रखते हुए यह चेतावनी दी कि न्यायपालिका का अपमान करने वाली टिप्पणियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके बाद 9 दिसंबर को अदालत ने तमिलनाडु के मुख्य सचिव और एडीजीपी (कानून-व्यवस्था) को 17 दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित होने का आदेश दिया, क्योंकि प्रशासन ने न्यायालय के पूर्व आदेशों का पालन नहीं किया।

दूसरी ओर, यह विवाद इसी बीच संसद तक पहुँच गया है। कांग्रेस, डीएमके, समाजवादी पार्टी, एनसीपी (एसपी) और AIMIM से संबद्ध 107 विपक्षी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति स्वामीनाथन को हटाने का प्रस्ताव सौंपा। आरोप लगाया गया कि न्यायाधीश ने एक विशेष राजनीतिक विचारधारा से प्रभावित होकर निर्णय दिए और निष्पक्षता व धर्मनिरपेक्षता पर प्रश्नचिह्न लगा है। देखा जाये तो विपक्ष का यह कदम अपने आप में एक बड़ा राजनीतिक टकराव बन चुका है, क्योंकि इसे न्यायपालिका पर सीधे प्रहार के रूप में देखा जा रहा है। जिस प्रकार से विपक्षी दलों ने न्यायाधीश के निर्णय से असहमति को आधार बनाकर उन्हें हटाने का प्रस्ताव दिया, वह भारतीय लोकतंत्र में अभूतपूर्व और चिंताजनक मिसाल है। सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी का इतिहास केवल मंदिर-प्रशासन से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि यह हिंदू आस्था का एक महत्त्वपूर्ण केंद्र है जहाँ सदियों से भक्तों की उपस्थिति रही है। 1920 के सिविल डिक्री और प्रिवी काउंसिल के निर्णय ने स्पष्ट कहा था कि पहाड़ी मंदिर की संपत्ति है तथा दरगाह उससे केवल कुछ सीमित हिस्सों में सम्बद्ध है। यह तथ्य अपने आप में बताता है कि दीपथूण पर दीप जलाना मंदिर-परिसर के भीतर ही धार्मिक अनुष्ठान का एक स्वाभाविक हिस्सा है। फिर भी, पिछले तीन दशकों में दीपथूण को लेकर विवाद गहराता गया और प्रशासन ने अक्सर सुरक्षा या साम्प्रदायिक संवेदनशीलता का हवाला देकर हिंदू परंपराओं को सीमित किया। यह वही मानसिकता है जो डीएमके और उसके सहयोगियों की राजनीति में बार-बार दिखाई देती है, जहाँ बहुसंख्यक आस्था को दबाकर तुष्टिकरण को राजनीतिक लाभ का साधन बना दिया जाता है। यह संयोग नहीं है कि वही दल, जिसके नेताओं ने अनेक बार सनातन धर्म को नष्ट करने योग्य कहा, वही आज दीपथूण में दीप जलाने का विरोध कर रहा है।

यहाँ प्रश्न केवल परंपरा का नहीं, बल्कि अधिकारों का है। जब उच्च न्यायालय का स्पष्ट आदेश मौजूद था कि भक्त दीपथूण पर दीप जला सकते हैं, तब राज्य सरकार द्वारा उसे लागू न करना न केवल न्यायालय की अवमानना है बल्कि धार्मिक स्वतंत्रता का खुला हनन भी है। जिस प्रकार अदालत ने पुलिस और प्रशासन को फटकारते हुए कहा कि न्यायपालिका का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा, वह बताता है कि सरकार किस हद तक अपनी सीमाएँ भूल चुकी है।

लेकिन इससे भी खतरनाक कदम था 107 विपक्षी सांसदों द्वारा न्यायाधीश को हटाने का प्रस्ताव। यह केवल असहमति का मुद्दा नहीं, बल्कि न्यायपालिका को धमकाने का सीधा प्रयास है। अगर किसी निर्णय से असहमति हो तो अपील का मार्ग उपलब्ध है; परन्तु न्यायाधीश की नीयत पर प्रश्नचिह्न लगाना और उन्हें राजनीतिक विचारधारा से जोड़कर हटाने का प्रयास करना लोकतांत्रिक संस्थाओं को अस्थिर करने जैसा है। यह न्यायपालिका को संदेश देता है कि धार्मिक मामलों पर निर्णय देते समय राजनीतिक दबाव को ध्यान में रखना पड़ेगा, जो कि किसी भी स्वतंत्र न्यायिक व्यवस्था के लिए विषाक्त है। वैसे तो सनातन धर्म के विरुद्ध डीएमके के कई नेताओं के वक्तव्य पहले ही सामाजिक समरसता को कमजोर करते रहे हैं। अब दीपथूण पर दीप जलाने के खिलाफ प्रशासनिक दमन और फिर न्यायाधीश पर निशाना साधना इस बात का प्रमाण है कि यह विवाद मूलतः विधिक नहीं, बल्कि वैचारिक और राजनीतिक है। इसमें आस्था को बार-बार चोट पहुँचाई गई है और उन भक्तों को अपराधी जैसा व्यवहार झेलना पड़ा है जिन्होंने केवल अपनी परंपरा निभानी चाही। बहरहाल, यह विवाद एक व्यापक प्रश्न खड़ा करता है कि क्या भारत में बहुसंख्यक आस्था को केवल इसलिए सीमित किया जा सकता है कि कुछ राजनीतिक दल अपने वोट-बैंक को नाराज़ नहीं करना चाहते?

# सरकारी ऐप्स की सुरक्षा भगवान भरोसे

**अजीत द्विवेदी**

केंद्र सरकार ने 'संचार साथी' ऐप हर स्मार्ट फोन में प्री इंस्टाल कराने का आदेश वापस ले लिया है। जितने सहज तरीके से सरकार इस मामले में पीछे हटी है वह मामूली नहीं है। यह हैरान करने वाली बात है कि भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार की ओर से इस मामले में कोई प्रतिरोध ही नहीं किया गया। पहले दिन एक आदेश जारी हुआ, जिसमें कहा गया कि तीन महीने में हर स्मार्ट फोन में 'संचार साथी' ऐप इंस्टाल होकर आएगा और पुराने फोन में सॉफ्टवेयर अपडेट करने पर यह इंस्टाल हो जाएगा। कहा गया कि यह ऐप फोन चोरी हो जाने पर उसे खोजने में मदद करेगा और साइबर फ्रॉड से बचाएगा। जब इसका विरोध हुआ तो एक दिन दूरसंचार मंत्री ने कहा कि इस ऐप को डिलीट करने का विकल्प यूजर्स के पास होगा। इसके बाद भी विरोध जारी रहा तो अगले दिन संचार विभाग ने कहा कि यह ऐप प्री इंस्टाल नहीं होगा। लोग चाहें तो इसे डाउनलोड करके इंस्टाल कर सकते हैं।

सवाल है कि क्या सरकार को नहीं पता था कि अगर किसी ऐप को हर स्मार्टफोन में अनिवार्य करने का आदेश दिया जाएगा तो उसका विरोध होगा? सरकार को निश्चित रूप से पता था। उसको यह भी पता था कि विपक्ष भारत को सर्विलेंस स्टेट बनाने के आरोप लगाएगा। फिर भी सरकार की ओर से यह आदेश जारी किया गया। इसका अर्थ है कि सरकार लोगों को आजमा रही थी। विपक्ष को भी आजमा रही थी। सरकार यह देखने का प्रयास कर रही थी कि ऐसे किसी कदम का कितना विरोध हो सकता है। ऐसा मानने का कारण यह है कि अगर सरकार इस आदेश को लेकर गंभीर होती तो इतनी आसानी से पीछे नहीं हटती। दूसरा कारण यह है कि संचार विभाग की ओर से जो तर्क दिया गया है वह बहुत लचर है। संचार विभाग ने कहा है कि डेढ़ करोड़ लोगों ने इसे डाउनलोड कर लिया है, इसका अर्थ है कि इसकी लोकप्रियता बढ़ रही है इसलिए इसको अनिवार्य करने का फैसला वापस लिया जा रहा है।

सोचें, कहां तो सौ करोड़ स्मार्टफोन्स में ऐप प्री इंस्टाल कराना था और कहां डेढ़ करोड़ डाउनलोड पर सरकार संतुष्ट हो गई? उस डेढ़ करोड़ डाउनलोड में भी कितना ऐप एक्टिवेट होगा और कितना डिएक्टिवेट रहेगा यह पता नहीं है। तभी लग रहा है कि 'संचार साथी' ऐप को लेकर दिया गया आदेश तदर्थ था और एक प्रयोग था, यह इससे भी साबित होता है कि इस बारे में कोई तकनीकी जानकारी नहीं दी गई। ध्यान रहे इस ऐप का जो दायरा है उससे साफ था कि सिम लेने के लिए इस्तेमाल की गई आईडी के साथ साथ मोबाइल नंबर, यूजर की लोकेशन, डिवाइस की पहचान यानी आईएमईआई का डाटा सरकार के पास रहेगा। लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि डाटा कितने समय तक और कहां सुरक्षित रखा जाएगा। ऐप का सोर्स कोड पता नहीं है और न स्टोरेज को सुरक्षित रखने के लिए किस स्तर का इनक्रिप्शन हो रहा है यह स्पष्ट है। इसकी निगरानी किसके पास होगी और कौन कौन एजेंसी या लोग इसके डाटा को एक्सेस कर पाएंगे यह भी नहीं बताया गया है। यह डाटा किसी थर्ड पार्टी को उपलब्ध हो सकता है या इसका कारोबारी इस्तेमाल हो सकता है, इस बारे में भी स्पष्टता नहीं है। अगर सरकार गंभीर होती तो इन सबके बारे में पहले से बताया जाता।

सरकार को यह भी पता था कि अगर यह आदेश लागू किया गया तो कानूनी रूप से इसे अवैध घोषित कर दिया जाएगा। ध्यान रहे सुप्रीम कोर्ट ने पुत्तुस्वामी केस में 2017 में निजता को लेकर एक अहम फैसला सुनाया था। इसमें सर्वोच्च अदालत ने लीगलिटी यानी वैधता, नीड यानी आवश्यकता और प्रोपोर्शनलिटी यानी अनुपात के तीन पैमाने तय किए थे। निजता के मामले में सरकार के हर आदेश को इन तीन कसौटियों पर कसने की जरुरत है। जहां तक वैधता की बात है तो सरकार संसद से कानून बनाने का रास्ता नहीं ले रही थी। वह सीधे एक कार्यकारी आदेश से इसे 'संचार साथी' ऐप को हर फोन में इंस्टाल करना चाह रही थी। आवश्यकता की जहां तक बात है तो इसे अनिवार्य करने का आदेश देकर सरकार अपनी कमजोरी जाहिर कर दी। सरकार का आदेश यह साबित कर रहा था कि ऐसे किसी कदम के बिना वह साइबर सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पाएगी।

# सर्दियों में सिरदर्द से छुटकारा पाने के घरेलू नुस्खे

सर्दियों में सर्दी, खांसी, जुकाम और वायरल जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। इस मौसम में सिरदर्द और सिर में भारीपन की परेशानी भी काफी बढ़ जाती है। कई बार सुबह-सुबह ही इस दर्द से बिस्तर ही नहीं छोड़ने का मन करता है। इस दर्द से छुटकारा पाने के लिए कुछ लोग पेनकिलर खा लेते हैं या बाम वगैरस का इस्तेमाल करते हैं लेकिन हर बार ये आरामदायक हो ऐसा जरूरी नहीं है। ऐसे में कुछ घरेलू उपाय सिरदर्द से छुटकारा दिला सकता है। सबसे अच्छी बात कि इन चीजों के साइड इफेक्ट्स भी नहीं होते हैं।

### अदरक का काढ़ा

सर्दी के मौसम में सिरदर्द से परेशान हो गए हैं तो अदरक का काढ़ा जबरदस्त असरदार हो सकता है। इससे शरीर को गर्मी तो मिलती ही है, दर्द से राहत भी मिल जाती है। अदरक का काढ़ा पीने से शरीर की जलन भी कम होती है। इससे इम्यूनिटी मजबूत होती है और कई फायदे होते हैं। अदरक के काढ़े की बजाय अदरक वाले पानी में शहद डालकर पीने से गजब फायदा मिलता है।

### कॉफी

सर्द भरे मौसम में सिरदर्द की समस्या को दूर करने के लिए गर्म चीजों का सेवन करना फायदेमंद होता है। कैफीन या किसी गर्म चीजों को लेने से स्ट्रेस कम होता है और सिरदर्द से छुटकारा मिलता है। रिसर्च के मुताबिक, कैफीन मूड के लिए अच्छा होता है। यह दिमाग को अलर्ट करने और रक्त कोशिकाएं को रिलैक्स करने का काम करता है। इससे सिरदर्द से आराम मिलता है।

### गर्म तेल से मालिश

ठंडी से अगर सिरदर्द हो रहा है तो हल्के गर्म तेल से सिर की मालिश करें। इससे सिरदर्द से राहत मिलती है। सरसों का तेज ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। इससे दर्द से जल्दी राहत मिल जाती है और मसल्स को भी आराम मिलता है। ऐसा करने से माइग्रेन से भी बचाव होता है।




### योगासन

सिरदर्द की समस्या को दूर करने में कुछ योगासन काम आ सकते हैं। योग और गर्दन-कंधों की हल्की एक्सरसाइज से हेडेक से छुटकारा पा सकते हैं। एक्सपर्ट्स भी बताते हैं कि योग से सिरदर्द और तनाव को दूर भगाने में मदद मिलती है।

### बॉडी को रेस्ट दें

शरीर को आराम देकर भी सिरदर्द की समस्या को दूर कर सकते हैं। सर्दियों में सिरदर्द होने पर गर्म कपड़े पहने और जितना हो सके बॉडी को आराम करने दें। क्योंकि कई बार नींद पूरी न होने पर भी सिरदर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं।




# दिनचर्या में वास्तु के विशेष उपाय

दिसंबर में मौसम में काफी बदलाव आ जाता है, तापमान गिरते ही सर्दी परवान चढ़ने लगती है। ठंड का मौसम हमारे जीवन और परिवेश में बदलाव लेकर आता है। ऐसे में वास्तु के अनुसार घर के साथ व्यक्ति को अपने खान-पान, कपड़े, दिनचर्या में कुछ चीजों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। आपकी जाने-अनजाने में की गई गलती सेहत के साथ धन-दौलत पर भी बुरा असर डाल सकती है। सर्दी में हमें सावधानी बरते हुए कुछ खास उपाय भी करना चाहिए, इससे संपन्नता आती है और स्वास्थ भी बेहतर रहता है। जानें सर्दियों में वास्तु के विशेष उपाय।

### इन चीजों का दान

सर्दियों में अक्सर हम खान-पान को लेकर लापरवाह हो जाते हैं। ठंड में सेहत के साथ संपन्नता चाहिए तो घी, गुड़ का सेवन अधिक से अधिक करें। गुड़ का संबंध सूर्य से है। गुड़ का सेवन और इसका दान करने से मान-सम्मान, ऐश्वर्य और बल में वृद्धि होती है। इसके अलावा इन चीजों का जरुरतमंद लोगों को दान करें। ये उपाय न सिर्फ आपको ग्रहों के दुष्प्रभाव से बचाएगा बल्कि धन-दौलत में भी वृद्धि करेगा।

### अंगीठी

वैसे तो अब कड़ाके की ठंड में लोग घरों में हीटर का इस्तेमाल करते हैं लेकिन जिन घरों में आज भी ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाई जाती है वह दिशा का जरुर ध्यान रखें। अंगीठी को हमेशा वायव्य कोण या अग्निकोण में ही जलाना चाहिए। ऐसा न करने से अंगीठी से जुड़ा वास्तु दोष उत्पन्न हो सकता है और परिवार को जन-धन से जुड़ी हानि झेलनी पड़ जाती है।



### गुग्गल की घूप



हिंदू धर्म में घर की नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त करने के लिए गुग्गल धूप जलाने का विधान रहा है. ठंड के कारण सूर्य का प्रकाश कम हो जाता है ऐसे में घरों में अंधेरा छाया होता है. अंधेरे के कारण नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है, जिससे परिवार में क्लेश होना, मानसिक तनाव, बीमारियों का डेरा आदि समस्याएं आने लगती है. ऐसे में सर्दियों के मौसम में सप्ताह में दो बार गुग्गुल को उबले पर रखकर इसकी घूप पूरे घर में दें. इससे नेगेटिव एनर्जी का नाश होता है.

### पर्दों का रखें ध्यान


ठंड से बचने के लिए लोग दरवाजों या खिड़की पर मोटे पर्दे लगा देते है लेकिन वास्तु के अनुसार ऐसा करना ठीक नहीं है क्योंकि इससे धूप घर में नहीं आती। घर में घूप के आने से सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। इसका ध्यान रखें।

# बच्चों को मोबाइल पर वीडियो देखने की पड़ गई है आदत?

स्मार्टफोन को इस्तेमाल हमारे आसपास इतना बढ़ गया है कि बड़ों को तो छोड़ दीजिए नन्हें हाथों में भी अब मोबाइल दिखाई देते हैं। छोटे बच्चें मोबाइल पर कॉर्टून के साथ ऑनलाइन गेमिंग का लुफ्त उठाते हैं, लेकिन ये मजा बच्चों के लिए बड़ी सजा बनकर उभर रहा है। आपको बता दें कि मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल कई तरीके से हानिकारक होता है, जिसमें बड़ों के साथ बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है।
कई स्टडी में दावा किया गया है कि अगर बच्चें ज्यादा मोबाइल इस्तेमाल करते हैं, तो उनकी आंखों की रोशनी कम हो सकती है। इसके साथ ही बच्चें चिड़चिडे. हो सकते हैं और उन्हें एंग्जायटी, डिप्रेशन और सेल्फ डाउट्स जैसी गंभीर समस्या हो सकती है। इसलिए यहां हम आपके लिए बच्चों को मोबाइल से दूर रखने के तरीके बताने जा रहे हैं।

## इन तरीकों से कर सकते हैं फोन को दूर





### फिजिकल एक्टिविटीज के लिए करें प्रोत्साहित

बच्चों को अगर मोबाइल से दूर रखना है, तो उन्हें फिजिकल एक्टिविटीज और आउटडोर गेम के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। बच्चें जितना ज्यादा घर से बाहर खेलेंगे उनका शारीरिक और मानसिक विकास उतनी ही तेजी और मजबूती के साथ होगा।

### मनोरंजन के लिए चुनें कुछ और

बच्चे फोन का इस्तेमाल ज्यादातर अपने मनोरंजन के लिए ही करते हैं। अगर आप बच्चे को मनोरंजन के लिए मोबाइल देंगे तो हर समय वह टाइमपास के लिए फोन में ही लगे रहेंगे। ऐसे में टीवी, किताबें पढ़ना और स्पीकर पर गाने सुनने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करना चाहिए।

इन दिनों लोग हार्ट जुड़ी बीमारियों का बहुत ज़्यादा शिकार हो रहे हैं। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है आपके शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना। कोलेस्ट्रॉल मोम जैसा चिकना लिक्विड है जो हमारे बॉडी में पाया जाता है। हमारे शरीर में गुड और बैड कोलेस्ट्रॉल दोनों पाए जाते हैं। जहां गुड कोलेस्ट्रॉल हार्ट से जुड़ी बीमारियों से आपको बचाता है। वहीं, बैड कोलेस्ट्रॉल हमारे लिए खतरनाक हो सकता है इसके सिर्फ एक चौथाई हिस्से में ही प्रोटीन होता बाकी सारा फैट। अनहेल्दी और जंक फूड खाने से हमारे शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा ज्यादा हो जाती है। यह आपकी सेहत के लिए अच्छा संकेत नहीं है। बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से ब्लड सर्कुलेशन सही से नहीं होता है, जिससे दिल से जुड़ी बीमारी और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। इस लेख के ज़रिए जानिये क्या हैं बैड कोलेस्ट्रॉल के लक्षण और इसे प्याज से आप कैसे कम कर सकते हैं।

# प्याज को न समझें कम

## ऐसे सेवन करने से मिलेंगे लाभ

### ये हैं कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के लक्षण

**सिर में तेज दर्द होना, तेजी से सांस फूलना, सांस लेने में दिक्कत, त्वचा का पीला पड़ना, मोटापा बढ़ने लगता है, सीने में जलन होने लगती है।**

### स्किन पर दाग धब्बे आना यानी स्किन सोरायसिस

ऐसी कई सब्जियां हैं जिनके खाने से गुड कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ता है और बैड कोलेस्ट्रॉल कम होता है। प्याज उन्हीं में से एक हैं। अगर आपकी बॉडी में भी बैड कोलेस्ट्रॉल ज़्यादा बढ़ गया है तो आप अपनी डाइट में प्याज खाना शुरू कर दें। प्याज में ऐसे गुण पाए जाते हैं जो आसानी से कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल कर सकता है। प्याज में किसी भी तरह का कोई फैट नहीं होता। इसमें फ्लेवोनोइट एंटीऑक्सिडेंट होता है जो पाचन तंत्र को ठीक तरह से कार्य करने के लिए मदद करता है। इसके साथ ही यह कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करता है।गर आपको कच्चा प्याज खाना पसंद नहीं है तो इसे सलाद के तौर पर नींबू और नमक मिलाकर खाएं, जिससे टेस्ट बेहतर हो जाए।



### इन परेशानियों में भी है कारगर

प्याज को गुणों की खान यूं ही नहीं कहते हैं। रोज़ाना प्याज का सेवन करने से आपका डाइजेशन दुरुस्त रहेगा, वजन कम होगा और ये डायबिटीज के मरीजों के लिए भी फायदेमंद है, क्योंकि इससे ब्लड शुगर लेवल कम किया जा सकेगा।

# ऑफिस की सारी थकान 1 घंटे में उतर जाएगी

**ऑफिस में घंटों सिटिंग जॉब करने के बाद शरीर में दर्द, अकड़न और तनाव महसूस होने लगता है। धीरे-धीरे दिमाग और शरीर दोनों बीमार फील करने लगते हैं। कई बार ये थकान काम को भी प्रभावित करती है। इसलिए वीकेंड पर एक बार मसाज जरूर करवा लें। आप एकदम फ्रेश फील करेंगे।**

## वीकेंड पर जरूर करवा लें मालिश, फ्रेश हो जाएगा शरीर



### मालिश के फायदे

मालिश करवाने से शरीर को जितना आराम मिलता है शायद ही किसी दूसरी चीज से मिलता हो। ऑफिस की सारी थकान 1 घंटे की समाज में दूर हो जाती है। ऑफिस में घंटों बैठकर काम करने से शरीर में अकड़न, गर्दन, हाथ और कंधों में दर्द होने लगता है। लंबे समय तक ये परेशानी रहने से चिड़चिड़ापन महसूस होने लगता है। इससे बचने का आसान तरीका है कि वीकेंड पर खुद के शरीर के लिए थोड़ा समय जरूर निकाल लें। जो शरीर 9 घंटे तक काम करने में आपका पूरा साथ देता है। 1 घंटा उसे भी रिलेक्स करने का हक है। इसलिए छुट्टी वाले दिन शरीर की तेल से मालिश जरूर करवा लें। मालिश से सारे दर्द गायब हो जाएंगे। अगर आप नियमित रूप से मालिश करवाते हैं तो इससे सेहत को कई फायदे भी मिलते हैं।

# आपको भी लगती है ज्यादा भूख

**डायबिटीज को लाइफस्टाइल डिजीज कहते हैं, जो अचानस से नहीं होती है। शरीर में शुगर लेवल बॉर्डर लाइन पर पहुंचते ही डायबिटीज के लक्षण नजर आने लगते हैं। जिन लोगों का ब्लड शुगर लेवल बॉर्डर लाइन पर होता है उन्हें डॉक्टर्स भी अलर्ट रहने के लिए कहते हैं। इसलिए आपको लाइफस्टाइल और डाइट को लेकर बहुत ध्यान देना चाहिए। डायबिटीज होने पर शरीर में ब्लड शुगर अनियंत्रित होने लगता है जो दूसरे अंगों को प्रभावित करता है। डायबिटीज मरीज को हार्ट, लिवर और आंखों से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं। डायबिटीज होने पर रक्त वाहिका और तंत्रिकाएं प्रभावित होने लगती हैं। लंबे समय तक डायबिटीज होने पर किड़नी खराब होने का खतरा भी रहता है। इसलिए जरूरी है कि डायबिटीज को समय रहते कंट्रोल कर लें।**



## हो सकते हैं प्री डायबिटिक

**डायबिटीज के लक्षण :-** ज्यादा भूख लगना, थकान महसूस होना, बहुत ज्यादा प्यास लगना, बार-बार टॉयलेट आना, तेजी से वजन कम होना, पैरों या हाथों में झुनझुनी।

### प्री डायबिटिक मरीज इन बातों का रखें ख्याल

**मीठा खाने से बचें-** डायबिटीज होने या बॉर्डर लाइन पर होने से चीनी का सेवन पूरी तरह से बंद कर दें। चीनी से बनी चीजों का सेवन बिल्कुल न करें। इसकी जगह फलों, गुड़ या शहद से बनने वाली चीजें डाइट में शामिल करें। हालांकि नेचुरल शुगर भी सीमित मात्रा में ही लेनी चाहिए।

**समय पर भोजन करें-** प्री-डायबिटीज हों या डायबिटीज के मरीज हों, आपको डाइट और खाने का समय दोनों का ख्याल रखना चाहिए। आपको खाने और सोने के बीच कम से कम 3 घंटे का गैप रखना चाहिए। इसी तरह ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर के बीच भी 3 घंटे का अंतर रखना चाहिए। इसके बीच छोटे-छोटे मील लेते रहें। बहुत लंबे समय तक भूखे रहने से बचें।

# दिखना है सबसे क्लासी और डिफरेंट

## ऐसे स्टाइल करें स्कर्ट

लड़कियां शॉपिंग करने की शौकीन होती हैं। ट्रेंड को फॉलो करने के चक्कर में वह कई ऐसे ड्रेसेज खरीद लेती हैं जिन्हें कई बार वह स्टाइल भी नहीं कर पाती हैं। दरअसल, बढ़ती ठंड के साथ लड़कियों के लिए एक मुसीबत भी खड़ी हो जाती है और वो है गर्म कपड़े पहनकर स्टाइलिश दिखना। यह समस्या तब आती है जब लड़कियां ठंड में स्कर्ट को स्टाइल करना चाहती हैं। आज हम आपको ऐसी कुछ स्टाइलिंग टिप्स देंगे जिससे आप सर्दियों में भी स्टाइलिश और क्लासी दिख सकती हैं। इन टिप्स की मदद से आप इस सर्दी नया लुक भी क्रिएट कर सकती हैं। आइए आपको बताते हैं उन स्टाइलिंग टिप्स के बारे में।



### स्टॉकिंग्स पहनें

अगर आपको ठंड से बचाव के साथ स्टाइलिश भी दिखना है तो आप स्कर्ट के साथ गर्म वाली स्टॉकिंग्स पहन सकती हैं। आप इसे मार्केट या ऑनलाइन कहीं भी आसानी से खरीद सकती हैं। इसका कपड़ा काफी स्ट्रेचेबल होता है जिस वजह से इसे हर साइज की महिला या लड़की पहन सकती है। आपको इसके कई सारे कलर ऑप्शन भी मिल जाएंगे। आप चाहें तो अपनी स्कर्ट से मैचिंग या फिर अपनी स्किन टोन के हिसाब से मैच करके इसे पहन सकती हैं। सर्दियों में स्कर्ट पहनने का ये सबसे बेस्ट तरीका है। ये आपको स्टाइलिश लुक भी देगा साथ ही आपको ठंड से भी बचाएगा।



### स्कर्ट के साथ पहनें लॉन्ग बूट्स

लॉन्ग बूट्स लड़कियों के बीच काफी पॉपुलर है। ये आजकल ट्रेंड में भी हैं, और ये आपको आसानी से किसी भी मार्केट में मिल जाएंगे। बूट्स में भी आपको अलग-अलग वैरायटी मिल जाएगी। कपड़ों के बूट्स से लेकि लेदर बूट्स तक, इनके कई ऑप्शन मार्केट में मौजूद हैं। लड़कियां अपने फैशन से कंप्रोमाइज करना बिल्कुल पसंद नहीं करती है इसलिए वह फैशन ट्रेंड के हिसाब से ही कपड़े पहनना पसंद करती हैं।




# 'आजादी के दीवानों' पर आधारित नृत्य नाटिका

रूचि कथक क्लासेस द्वारा वार्षिक प्रस्तुति "सुसंस्कार" का सुंदर और गरिमापूर्ण आयोजन हुआ। ओएनजीसी द्वारा प्रायोजित और भारतीय जीवन बीमा निगम के सह-प्रायोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने पूरे वर्ष की साधना और प्रशिक्षण का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत नन्हीं छात्राओं द्वारा वंदना से हुई, जिसने माहौल को भक्तिपूर्ण और सकारात्मक बना दिया। इसके बाद झपताल, धमार, तराना और ग्यारह मात्राओं पर आधारित पारंपरिक कथक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर किया और सभागार तालियों से गूंजता रहा। दूसरे चरण में मंचित "आजादी के दीवानों" पर आधारित नृत्य नाटिका इस शाम का मुख्य आकर्षण बनी। इस प्रस्तुति ने स्वतंत्रता सेनानियों के साहस और बलिदान को अभिव्यक्ति दी, जिसे दर्शकों ने विशेष सराहना दी। यह पूरा आयोजन पंडित अनुपम राय जी की स्मृति को समर्पित था। उनकी शिष्या और प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना विदुषी रुचि शर्मा ने इस आयोजन के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि के रूप में अभिनेता श्री सिद्धांत इस्सर, उनकी पत्नी सुश्री सुरभि शुक्ला इस्सर, अभिनेता विजय पंडित, लेखिका मृदुला पंडित और नृत्यांगना पायल गोगा कपूर उपस्थित रहे। अतिथियों ने कार्यक्रम को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों, श्रम, ताल-लय और सौंदर्यबोध का उत्कृष्ट संगम बताया। "सुसंस्कार" केवल एक मंचीय प्रदर्शन नहीं था, बल्कि भारतीय शास्त्रीय नृत्य विरासत, अनुशासन और कला के प्रति समर्पण का सजीव उत्सव बनकर उपस्थित हुआ।

# कच्छ के 'लुटेरे दूल्हे' ने दुर्ग की महिला को फंसाया, 3 शादियां पहले से थीं

## शादी के नाम पर 32 लाख की ठगी

### जालसाज देता था झूठे विज्ञापन; लोन लेकर चुकाती रही पत्नी, सच्चाई पता चलते ही उड़े होश

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** गुजरात के कच्छ से आया एक शातिर शख्स दुर्ग जिले की एक महिला को शादी के जाल में फंसाकर 32 लाख रुपए का चूना लगाकर फरार होने की फिराक में था। मोहन नगर पुलिस ने इस 'लुटेरे दूल्हे' को गिरफ्तार कर लिया है, जो अखबारों में झूठे वैवाहिक विज्ञापन देकर महिलाओं को ठगने का काम करता था। आरोपी पहले ही तीन शादियां कर चुका था और उसने दुर्ग की पीड़िता से यह बात छिपाकर धोखे से चौथी शादी की।

### लोन लेकर दिया पति को 32 लाख

पीड़िता ने मोहन नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी बीरेन्द्र कुमार सोलंकी (54) ने शादी के बाद उससे बहाने बनाकर लाखों रुपए ऐंठे।

साल 2022 से 2024 के बीच आरोपी ने जरूरी खर्च और अन्य जरूरतों का हवाला देकर किश्तों में और कैश के रूप में कुल 32 लाख रुपए लिए। चौंकाने वाली बात यह है कि महिला ने यह पूरी रकम बैंक और गोल्ड लोन (?1.30 लाख) लेकर आरोपी को दी। वह अब भी इन सभी लोन की किश्तें अकेले चुका



रही है। उसने गूगल पे और अकाउंट पे के माध्यम से भी ?18 लाख दिए थे।

### सच्चाई सामने आते ही पैरों तले खिसकी जमीन

जब महिला को पता चला कि बीरेन्द्र सोलंकी न केवल शादीशुदा है, बल्कि वह पहले ही तीन महिलाओं को धोखा दे चुका है, तो उसके पैरों तले की जमीन खिसक गई। धोखाधड़ी का खुलासा होने पर आरोपी लुक-छिप रहा था और अपना परिचय बदल रहा था। मोहन नगर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए शातिर ठग बीरेन्द्र सोलंकी को गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 85 और 318(4) के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है ताकि यह पता चल सके कि आरोपी ने और कितनी महिलाओं को अपना शिकार बनाया है।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोरपा में नवपदस्थ शिक्षक ने बच्चों को कराया न्यौता भोजन



**पाटन ( समय दर्शन )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोरपा में आज नवपदस्थ शिक्षक श्री प्रफुल्ल चंद्र साहू द्वारा न्योता भोजन कार्यक्रम का सौहार्द्रपूर्ण एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत मां सरस्वती के पूजन एवं वंदन से हुआ। अतिथियों का स्वागत पुष्पमालाओं एवं तिलक लगाकर पारंपरिक रीति से किया गया, जिससे सांस्कृतिक गरिमा और भी उजागर हुई।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षाविदों ने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, विद्यार्थी उन्नयन और समुदाय सहभागिता को सराहते हुए प्रेरणादायक आशीर्वचन प्रदान किए। अतिथियों ने नवपदस्थ शिक्षक के इस आयोजन को विद्यालय-समुदाय के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

न्योता भोजन में समस्त आमंत्रित अतिथियों, अभिभावकों एवं समुदाय जनों ने स्नेहपूर्वक सहभागिता की। सौहार्द व उत्साह से ओतप्रोत वातावरण में कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि जितेन्द्र वर्मा - प्रदेश मंत्री, भाजपा आ. योगेश (निक्की) भाले - अध्यक्ष नगर पंचायत पाटन, दीपक यादव - नगर पंचायत पाटन, श्रीमती संगीता धुरंधर - पार्षद, खोरपा, केवल चन्द्र देवांगन - सभापति, नगर पंचायत पाटन, देवेन्द्र कुमार ठाकुर - पार्षद, अटारी, श्रीमती रानी बंछोर - मंडल अध्यक्ष भाजपा, पाटन, केशव बंछोर - वरिष्ठ भाजपा नेता, श्रीमती कामिनी धुरंधर - विधायक प्रतिनिधि, विद्यालय तथा एसएमसी के प्रतिनिधि अभिषेक कोसे - अध्यक्ष एसएमसी, श्रीमती प्रभा धुरंधर सदस्य, एसएमसी, श्रीमती अनुसुईया बंछोर - शिक्षाविद्, संतोष कुमार शर्मा प्रधानपाठक, कमलेश कुमार साहू - प्रधानपाठक, रोशन कुमार देशमुख - सीएसी, बालक पाटन, श्रीमती आशा साहू - शिक्षिका, प्रफुल्ल चंद्र साहू - शिक्षक एवं कार्यक्रम आयोजक, ठाकुर राम यादव - शिक्षक, श्रीमती भूमिजा देवांगन - शिक्षिका, सुश्री खुशी कोसे - वैकल्पिक शिक्षिका।।अन्य सम्मानित उपस्थितजन श्री जयंती श्रीवास, श्रीमती दीपा श्रीवास, श्रीमती भारती वर्मा, श्रीमती लता शांडिल्य, श्रीमती मालती वर्मा, श्रीमती लीला यादव, श्रीमती प्रमिला कोसे, श्रीमती तामेश्वरी यादव सहित अनेक अभिभावक एवं समुदायजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं समुदाय जनों ने विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित इस सौहार्दपूर्ण न्योता भोजन को सराहनीय बताते हुए विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शाला परिवार ने सभी अतिथियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

# जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग द्वारा कलेक्टर को विद्यालय समय परिवर्तन एवं मतदाता सूची सुधार संबंधी ज्ञापन सौंपा गया



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर दुर्ग को दो महत्वपूर्ण जनहित मामलों पर ज्ञापन सौंपा। पहला विषय जिले में बढ़ती कड़ाके की ठंड को देखते हुए स्कूलों के प्रात:कालीन समय में परिवर्तन करने का था, ताकि छोटे बच्चों को ठंड से राहत मिले और स्वास्थ्य जोखिम कम हो। दूसरा विषय मतदाता सूची के समुचित पुनरीक्षण, डिजिटलाईज़्ड सूची में त्रुटियों के निराकरण, फॉर्म-6, 7 और 8 की पर्याप्त उपलब्धता तथा गलत वार्ड में दर्ज नामों को चिन्हांकित कर हटाने से संबंधित था।

जिला कांग्रेस ने मांग की कि अत्यधिक ठंड के कारण विद्यालय समय में तत्काल संशोधन किया जाए तथा शिक्षा विभाग को इसके लिए स्पष्ट निर्देश दिए जाएँ। साथ ही मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान किसी भी पात्र मतदाता का नाम न छूटे, त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों का संशोधन किया जाए, और सभी फॉर्म आसानी से जनता को उपलब्ध हों। गलत वार्ड में दर्ज नामों को सही वार्ड में स्थानांतरित करने पर भी बल दिया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष श्री धीरज बाकलीवाल ने कहा कि ठंड से बच्चों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है और मतदाता सूची की त्रुटियाँ नागरिकों के अधिकारों को प्रभावित कर रही हैं। दोनों ही विषय अत्यंत संवेदनशील हैं और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप अपेक्षित है। जिला कांग्रेस जनहित के हर मुद्दे को गंभीरता से उठाती रही है और आगे भी उठाती रहेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान उपस्थित रहे दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, दीपक दुबे मध्य ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ अहमद, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, राजेश यादव, सुशील भारद्वाज, पार्षद भास्कर कुंडले, पूर्व पार्षद प्रकाश जोशी, राय सिंह ढीकोला, उतर ब्लॉक अध्यक्ष महिप सिंह भुवाल, राकेश यादव, प्रीतम देशमुख, संजय बत्रा, चिराग शर्मा, छोटा, आयुष शर्मा, खुर्शीद अहमद, संघर्ष, राकेश ठाकुर, आदित्य नारंग उपस्थित थे।

# यूको बैंक द्वारा ग्राम बावनकेरा में एकदिवसीय बैंक मेला आयोजित

### ग्रामीण महिलाओं और उद्यमियों को मिला 70 लाख रुपये का वित्तीय सहयोग



**महासमुन्द ( समय दर्शन )।** महासमुंद विकासखंड के ग्राम बावनकेरा में यूको बैंक द्वारा आज एकदिवसीय बैंक मेला आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की आसान पहुँच सुनिश्चित करना और स्वयं सहायता समूहों (स्॥त) एवं ग्रामीण उद्यमियों को वित्तीय रूप से मजबूत करना था। मेले में यूको बैंक के प्रधान कार्यालय से आए वरिष्ठ अधिकारी, अंचल कार्यालय के अधिकारी, स्थानीय शाखा के अधिकारी, सा-धन, ह्त्रत्रूटीम, ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान 10 स्वयं सहायता समूहों को कुल 60 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत/वितरित किया गया।12 ग्रामीण उद्यमियों को 10 लाख रुपये के व्यक्तिगत एंटरप्राइज़ फाइनेंस लोन का वितरण किया गया। इस प्रकार कुल 70 लाख रुपये का वित्तीय सहयोग ग्रामीण समुदाय को प्रदान किया गया।मेले में ग्रामीणों को बैंक अधिकारियों द्वारा द्व-च्ड्ड्ष्ट, जनसुरक्षा योजना, डिजिटल भुगतान प्रणाली, ऑनलाइन ठगी से बचाव, सुरक्षित बैंकिंग के तरीके, तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं और बैंकिंग उत्पादों की जानकारी दी गई। साथ ही समय पर ऋण भुगतान और डिजिटल बैंकिंग के महत्व पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

# सघन कुष्ठ जांच खोज अभियान के तहत किया जा रहा ग्रामीणों का जांच



**पाटन ( समय दर्शन )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ मनोज दानी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी पाटन डॉ भुवनेश्वर कठौतिया के आदेशानुसार तथा खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी बीएल वर्मा एवं चंद्रकांता साहू के मार्गदर्शन में पाटन ब्लॉक में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सघन कुष्ठ जांच खोज अभियान (एलसीडीसी)8 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलाया जा रहा है इसके तहत स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला घर घर जाकर लोगों को कुष्ठ रोग के विषय में जागरूक कर रहा है एवं प्रत्येक व्यक्ति के शरीर की जांच की जा रही है । अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि समय पर कुष्ठ रोग की पहचान हो सके और मरीज को विकृति से बचाया जा सके ।आयुष्मान आरोग्य मन्दिर फेकारी के आरएचओ बसंत साहू ने जानकारी देते हुए बताएं कि कुष्ठ रोग पूर्व जन्म का पाप या देवी प्रकोप या बुरे कर्मों का फल नहीं है बल्कि माइकोबैक्टीरियम लेप्री नामक जीवाणु से होने वाला एक साधारण रोग है यह रोग त्वचा एवं तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है उपचार से पूर्णता ठीक हो जाता है जैसे अन्य बीमारियां ठीक हो जाती है। यदि इस रोग का उपचार शीघ्र प्रथम लक्षण देखे शुरू कर दिया जाए तो अक्षमता और विकृति से भी बचाव हो सकता है । कुष्ठ रोग की दवा बहू औषधि उपचार एमटी सभी सरकारी अस्पताल एवं स्वास्थ्य केंद्र में मुफ्त में मिलता है । पर्यवेक्षक आरएस शांडिल्य ने बताया कि अभियान के सुचारू रूप से संचालन के लिए जनसँख्या के हिसाब से टीम का गठन किया गया है जिसमे मितानिन मुख्य भूमिका में है एवं प्रत्येक टीम सदस्यों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है साथ ही उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग का संदेह हमें कब करना चाहिए जब त्वचा पर त्वचा के रंग से हल्के फीके बदरंगा लालिमा लिए हुए दाग हो ,इन दागों में सुन्नपन हो इन दागों में खुजली नहीं होती, चेहरे पर तेलिया तामिया चमक एवं छोटी-छोटी गठानें हो, हाथ पैर में लगातार झुनझुनी या सुन्नपन हो ,आँख के ऊपर के भौंह झड़ गए हो ,नाक चपटा हो गया हो,हाथ पैर में कोई विकृति हो आदि रोग के प्रमुख लक्षण है ।निम्न लक्षण मिलने पर व्यक्ति को तुरंत पास के अस्पताल में जांच करने के लिए भेजा जाना चाहिए।बीएमओ डॉ कठौतिया ने बताया कि अभियान की व्यापक मॉनिटरिंग की जा रही है डेली रिपोर्टिंग एवं शंकाप्रद मरीजो की लाईन लिस्ट ऑनलाइन किया जा रहा है एवं संदेहास्पद मरीजो का जांच कर रोग की पुष्टि का कार्य भी साथ साथ चल रहा है।

# बेमेतरा में 17 दिसम्बर को जिला स्तरीय महिला खेलकूद एवं युवा उत्सव का भव्य आयोजन

**बेमेतरा ( समय दर्शन )।** बेमेतरा जिले में युवाओं को खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ते हुए उनकी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से जिला स्तरीय महिला खेलकूद एवं युवा उत्सव का आयोजन 17 दिसंबर 2025 को शासकीय पी.जी. महाविद्यालय बेमेतरा में किया जा रहा है।

यह आयोजन युवा वर्ग में उत्साह, प्रतिस्पर्धा और सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिताएँ दो आयु वर्गों में आयोजित होंगी 09 से 18 वर्ष तक, 18 से 35 वर्ष तक इन आयु वर्गों में निम्न खेलों का आयोजन किया जाएगा जिसमे एथलेटिक्स (100 मी., 400 मी. दौड़, तवा फेंक), खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, रस्साकशी। पहले इन प्रतियोगिताओं का आयोजन विकासखंड स्तर पर किया जाएगा, जहां प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागी ही जिला स्तरीय प्रतिस्पर्धा में शामिल होंगी।

जिला स्तरीय युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष के युवक-युवतियाँ अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही, संगतकारों की उम्र 18 से 40 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। इस उत्सव में शामिल प्रमुख विधाएँ सामूहिक एवं लोक विधाएँ: लोक नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोकगीत, एकांकी, रॉक बैंड। एकल प्रतियोगिता मे कहानी लेखन, वाद-विवाद, चित्रकला, नवाचार, कविता लेखन, पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता सामूहिक नृत्यों में अधिकतम 10 प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे तथा रिकॉर्डेड संगीत की अनुमति नहीं होगी। सभी प्रतिभागियों को अपने पंजीयन प्रपत्र में संपूर्ण जानकारी भरकर जमा करनी होगी।

# छत्तीसगढ़ हॉकी की 17वीं वार्षिक आमसभा सम्पन्न, खेल मंत्री अरुण साव ने किया उत्साहवर्धन




**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, राजनांदगांव में 7 दिसंबर 2025 को छत्तीसगढ़ हॉकी की 17वीं वार्षिक आमसभा आयोजित की गई। आमसभा में हॉकी के उत्थान, खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने और खेल के व्यापक विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव ने कार्यकारिणी सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि हॉकी इंडिया की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रदेश को गर्व है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि खिलाड़ियों को सकारात्मक वातावरण, बुनियादी सुविधाएं एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने में खेल मंत्रालय हर संभव सहयोग करेगा।

आमसभा की शुरुआत अध्यक्ष फिरोज अंसारी की अनुमति से हुई। बैठक में वर्ष 2026-27 के बजट के अनुमोदन के साथ ही वर्ष भर में हॉकी के विकास हेतु किए गए कार्यों की समीक्षा प्रस्तुत की गई। आने वाले वर्ष के लिए सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर स्तर की प्रतियोगिताओं के स्थल चयन की प्रक्रिया भी पूर्ण की गई।

फिरोज अंसारी ने संबोधन में आगामी वर्ष के लिए सभी जिला हॉकी इकाइयों और संबंधित पदाधिकारियों से सहयोग की अपील की। उन्होंने घोषणा की कि इस वर्ष से जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता आयोजित करने वाली इकाइयों को 10,000 रुपये का अनुदान छत्तीसगढ़ हॉकी की ओर से प्रदान किया जाएगा। साथ ही फरवरी में आयोजित होने वाली महंत राजा सर्वेश्वर दास हॉकी प्रतियोगिता के तहत राज्य के योग्य अधिकारियों और कोचों का सेमिनार आयोजित करने की भी जानकारी दी। राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता को जल्द सम्पन्न कराने पर भी चर्चा की गई।

आमसभा में प्रमुख रूप से शिवनारायण धकेता, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, आशा थॉमस, एमवाय कुरैशी, गोपेश्वर कहरा, अंसार अहमद, नीलमचंद जैन, भूषण साव, राजेंद्र जायसवाल, मंजुला बिस्वास, नवीन मसीह, रीना बोरकर, तारीक कुरैशी, जांहगीर खान, अय्यूब इरफान, राकेश गढ़वाल, तुलसी साहू, तीरथ गोस्वामी, रश्मि संध्या एक्का, शकील अहमद, खेमराज सिन्हा, सुखदेव निर्मलकर, तौफिक अहमद, इंदरपाल सिंह, कृष्णा यादव सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### युवक को नशे की लत से बचाने, भेजा गया उसको नव जीवन नशा मुक्ति केंद्र जां महिला सेल पुलिस की टीम ने शराबी युवक को किया रेस्क्यू

**जांजगीर।** बीते कल दिनांक को चौकी पंतोरा क्षेत्र की पीड़िता ने अपने पति के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई कि उसका पति नशे का शिकार बन चुका है, आए दिन शराब, गांजा अन्य नशे करता रहता है, नशे की हालत में घर वाले को मारपीट करता है। पीड़िता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय आईपीएस द्वारा तत्काल डीएसपी श्रीमती कविता ठाकुर को निर्देशित किया गया जिन्होंने अपने टीम के सदस्य एसएसआई ज्ञान प्रकाश खाखा, महिला प्रधान आरक्षक निशा पाण्डेय, अनुका तिर्की के साथ शराबी को समझाकर नशा मुक्ति केंद्र जांजगीर भेजा गया।

# संक्षिप्त-खबर

## पाटन कालेज में प्लेसमेंट कार्यक्रम आयोजित



**पाटन ( समय दर्शन )।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन एवं प्रिज्म कॉलेज उतई के संयुक्त तत्वधान में के तहत प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन में कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम के प्रथम चरण का योजना पाटन में किया गया 7 यह कार्यक्रम कैरियर काउंसलिंग इकाई के संयोजक प्रवीण जैन एवं कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ गौरव शर्मा के निर्देशन में स्नातक एवं स्नाकोत्तर विद्यार्थियों के लिए संपन्न हुआ जिसमें 95 विद्यार्थियों ने भाग लिया7 कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा द्वारा किया गया।प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा ने अपने उद्बोधन में सभी का स्वागत करते हुए कहा की पाटन महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के लिए ये सुनहरा अवसर है पढ़ाई करते करते आपको जॉब प्राप्त हो सकता है इससे आप सभी के जीवन में बदलाव आएगा जिससे समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान कर सकते है। प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा ने सभी को सफल होने के लिए बधाई एवं शुभकामनायें दी।कार्यक्रम में एप्टीट्यूड परीक्षा एवं साक्षात्कर दो चरण में आयोजित किया गया 7 रिसोर्स पर्सन डॉ कंचन गांगुली तथा डॉ जागेश्वर साहू द्वारा विद्यार्थियों का साक्षात्कर लिया गया। कार्यक्रम का नाम उड़ान 2026 दिया गया है। इससे पूर्व कार्यक्रम संयोजक प्रवीण जैन ने उड़ान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बडी संख्या में छात्र छात्राये उपस्थित थे।


## एनएसएस के छात्र छात्राओं ने किया अनुकरणीय कार्य, अब गांव में नहीं होगी निस्तारी की संकट



**पाटन ( समय दर्शन )।** मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस का आगाज प्रात:काल 5 बजे जागरण से तथा प्रभातफेरी के द्वारा हुआ। तत्पश्चात सभी दल जल ही जीवन है उद्देश्य के से जलसंरक्षण को बढ़ावा देते हुए खारुन नदी आगेसरा अरकार ओवरब्रिज के नीचे बोरी में रेत भरकर स्टॉप डेम का निर्माण किया नि:स्वार्थ सेवा का परिचय देते हुए सेतु बाँधने का काम किया। खारुन नदी में निर्मित स्टाप डेम पूरी तरह से जर्जर हो जाने के कारण निस्तारी हेतु पानी नही रहता है, जिसके कारण आप जन को बहुत परेशानी होती है, बच्चो के इस निस्वार्थ सेवा से ग्राम पंचायत आगेसरा के सरपंच श्री रमाकांत साहू एवम समस्त ग्रामवासियों ने प्रसन्नत व्यक्त करते हुए सभी ह्रस्ॅ कैम्प के बच्चों को धन्यवाद देते हुए बधाई दिया है।

इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रमोद भारती, महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक कमलेश्वर साहू, प्रदीप साहू डॉ रमेश साहू, श्रीमती अंजनी पैकरा सुश्री सुमन कश्यप, रूद्र प्रताप सोम उपस्थित रहे।

## वेतन केंद्र प्रभारी ने कन्या छात्रावास - छिंद का निरीक्षण किया



**सारंगढ़ ( समय दर्शन )।** वेतन केंद्र प्रभारी सारंगढ़ विमल कुमार अजगल्ले जी ने प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास छिंद का आकस्मिक निरीक्षण 11 दिसम्बर 2025 को प्रात: 09 बजे किया। जिसमें छात्रावास में उपलब्ध टेलीविजन , कम्प्यूटर व प्रोजेक्टर को चालू स्थिति में पाया गया। खाद्यान्न सामग्री , रसोई कक्ष का अवलोकन किया गया जिसमें सुव्यवस्थित मिलने पर प्रसन्नता जाहिर किया। नल व आरो की त्वरित मरम्मत कराने के लिए निर्देश दिया गया। अधिक्षिका को बागवानी एवं किचन गार्डन को और बेहतर बनाने के लिए मार्गदर्शन किया। विशेष कोचिंग क्लास संचालन की जानकारी बच्चों से लिया।बच्चों की उपस्थिति एवं बेहतर वातावरण के लिए प्रशंसा कर प्रोत्साहित किया गया।छात्रावासी बालिकाओं से समस्या पूछा गया जिसमें बच्चों ने बिजली की समस्या के निदान के लिए सौर ऊर्जा एवं इनवाइटर की मांग रखी।पानी की समस्या के लिए नई बोर खनन कराने की मांग के साथ खेल मैदान व खेल एवं जिम सामग्री की मांग बच्चों द्वारा किया गया। पिछले माह 21 नवम्बर को संवेदनशील कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे जी ने भी छात्रावास का औचक निरीक्षण कर आदर्श छात्रावास की सुव्यवस्था से प्रसन्नता व्यक्त किया था। जिले की समस्त अधीक्षक कन्या छात्रावास आदिवासी विकास विभाग की जिला स्तरीय बैठक में छिंद छात्रावास अधिक्षिका एवं बच्चों की उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रसंशा किया था।

# अहिवारा शासकीय देशी मदिरा दुकान में फिर उजागर हुआ अवैध सप्लाई का खेल

### सेल्समैन- खोचियों की साँठगाँठ से जारी तस्करी, कार्रवाई के बावजूद नहीं थम रहा अवैध कारोबार

**नंदिनी अहिवारा (समय दर्शन)।** अहिवारा क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी पर रोक लगाने पुलिस-प्रशासन की सख्ती के बावजूद शासकीय देसी मदिरा दुकानों से अवैध सप्लाई का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताज़ा मामला अहिवारा शासकीय देसी मदिरा दुकान का है, जहाँ सेल्समैन और खोचियों के बीच मिलीभगत से बड़ी मात्रा में अवैध शराब की आपूर्ति किए जाने की बात सामने आई है।

सूत्रों के अनुसार दुकान का सेल्समैन प्रतिदिन अलग-अलग ठिकानों पर खोचियों को देशी शराब की सप्लाई कर रहा है। बताया जाता है कि जिसके चलते गली गली में तेजी से यह अवैध कारोबार चल रहा है, जिससे सरकारी दुकान से सीधे काला बाज़ारियों तक शराब पहुँच रही है।

गौरतलब है कि पिछले सप्ताह नंदनीङ्कखुंदनी स्थित शासकीय देसी मदिरा दुकान से 28 पेटी देशी शराब अवैध ढंग से सप्लाई किए जाने पर नंदनी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की थी, जिसके बाद कुछ दिनों तक गतिविधि धीमी दिखी। लेकिन अब फिर नए सिरे से अवैध वितरण शुरू हो गया है, जिससे पुलिस कार्रवाई पर सवाल खड़े होने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन की नज़र के सामने ही सरकारी दुकानों से गैरक़ानूनी बिक्री जारी है। लोग कहते हैं कि जब सरकारी दुकान से ही शराब बाहर भेजी जा रही हो, तो गाँवङ्ककस्बों में बढ़ते अवैध बिक्री पर रोक लगाना कैसे संभव होगा? जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जाँच की मांग कर रहे हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में लगातार निगरानी की जा रही है और शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।




अहिवारा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती अवैध शराब बिक्री से न केवल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि इससे कानून-व्यवस्था पर भी खतरे की स्थिति पैदा हो रही है। स्थानीय लोगों ने इस बार दोषियों पर सख्त कार्रवाई कर इस अवैध व्यापार को जड़ से खत्म करने की मांग की है।

## खबर-खास

### स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया अग्निवीरों का समान



**दुर्ग (समय दर्शन)।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर की भर्ती 2024-2025 के लिये ऑनलाईन लिखित परीक्षा (सीईई) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों हेतु रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधी एवं विधायी कार्य मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने 19 अभ्यर्थियों का चयन हुए अग्नि वीरों का सम्मान किया। एनआईएस कोच पीटीआई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरसी श्री विनोद नायर एवं पीटीआई सेजस फरीदनगर भिलाई श्री बालक दास डहरे के कुशल निर्देशन में शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया था। प्रशिक्षण प्राप्त कर 19 अभ्यर्थियों का चयन अग्निवीर में, 01 अभ्यर्थी इंडियन नेवी, 01 अभ्यर्थी वायुसेना एवं 08 अभ्यर्थी छ.ग. पुलिस में कुल इस प्रकार 29 अभ्यर्थी चयनित हुए। ट्रेनिंग पूरा करने वाले अग्निवीरों एवं हाल ही में छ.ग. पुलिस में चयनितों का सम्मान आज शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव जी के सेवा सदन निवास में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में किया गया। उन्होनें सभी को अनुशासित होकर मेहनत करने के लिये प्रोत्साहित किया। साथ ही साथ युवाओं को प्रशिक्षण संबंधित हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया।

ज्ञातव्य हो कि अभी विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के उपसंचालक श्री व्ही. के. केडिया के कुशल निर्देशन में 01 नवम्बर 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक दो माह का पुन: अग्निवीर शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। इस वर्ष भी 50 लिखित परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रतिदिन एनआईएस कोच श्री विनोद नायर, पीटीआई सेजस फरीदनगर भिलाई श्री बालक दास डहरे के कुशल निर्देशन में नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## जिला पंचायत सदस्य ऊषा सोनवानी पहुंचे हायर सेकंडरी स्कूल सेमरिया



### मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत निरीक्षण किया गया

**नंदिनी अहिवारा (समय दर्शन)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया,संकुल सेमरिया विकासखण्ड धमधा जिला दुर्ग में द्वितीय चरण मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत निरीक्षण के लिए जिला पंचायत सदस्य श्री मती ऊषा सोनवानी जी पहुंचे ।मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अंतर्गत विद्यालय ,शिक्षक और छात्रों का प्रदर्शन का अवलोकन किया गया ।छात्रों से बातचीत कर शैक्षणिक गतिविधियों,प्रोजेक्ट कार्य,गृह कार्य,प्रायोगिक कार्य, पुस्कालय का उपयोग के बारे में पूछा गया ।संकुल समन्वयक श्री सूर्यकान्त हरदेल ने शिक्षा गुणवत्ता को बेहतर कैसे बनाया जाए इस पर ध्यान केंद्रित किया ।जिला पंचायत सदस्य ने शाला परिसर के हरियाली और स्वच्छता से प्रसन्न हुए ।बच्चो के प्रदर्शन से संतुष्ट हुए,शाला का स्तर बेहतर बताया गया ।इस बार बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया ।मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता के दूसरे चरण में प्राचार्या श्री मती किरण सिंह,एसएमडीसी अध्यक्ष मुरली रजक,सदस्य वासुदेव देवागंन,उपसरपंच डाक्टर सतबोधी दानी बंजारे,संकुल समन्वयक सूर्यकान्त हरदेल, व्याख्याता संगीता पाटिल,रीना साहू, राजश्री बॉस,ऋतु बघेल, नीरजा सिंह,संध्या दत्ता,अजय कुमार तिग्गा,कमलेश कुमार ताम्रकार,शिक्षक देवेंद्र कुमार देवांगन,बिंदु टंडन सहित शाला के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गीता सारः गीता ही कृष्ण है कृष्ण ही गीता है- संत निरंजन महाराज

**दुर्ग (समय दर्शन)।** पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू धर्मपत्नी श्रीमती स्व.कमला देवी साहू जी की पुण्य स्मृति में आयोजित ग्राम पाऊवारा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस हवन यज्ञ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करने पहुंचे। भगवान के जयकारों और भक्ति-भाव के माहौल के बीच श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

आयोजन प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने बताया कि यह आयोजन पिछले नौ दिनों से चल रहा था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने आए। श्रीमद् भागवत कथा ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और आनंदमय वातावरण से भर दिया। उन्होंने सबका आभार व्यक्त किया।

### विधायक ट्रॉफी राज्य स्तरीय शतरंज स्पर्धा के आयोजन के लिए विधायक रिकेश सेन ने दिया आश्वासन

**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन के नाम से विधायक ट्रॉफी राज्य स्तरीय ओपन शतरंज टूर्नामेंट वैशाली नगर भिलाई में आयोजित करने के सम्बन्ध में विधायक रिकेश सेन से जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी एवं सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा ने मुलाकात कर आवेदन सौंपा ।जिस पर विधायक रिकेश सेन ने उक्त आयोजन कराने का आश्वासन दिया। उक्त आयोजन जनवरी या फरवरी माह 2026 में किया जाएगा। तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। विदित हो कि 2024 में राज्य मिनी सब जूनियर शतरंज चयन स्पर्धा के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक रिकेश सेन ने स्वयं एक भव्य शतरंज आयोजन करवाने की घोषणा की थी।

### गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के आदेशानुसार 18 दिसंबर 2025 गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर ने जिले में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेन्ट, बार, होटल-बार, क्लब आदि जैसे एफएल.-1(घघ), एफएल.-1 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2 (घघ), सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2 (ग-अहाता), सी.एस.-2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एल.एल.-1 (ख-अहाता), एल.एल-1 (ख-कम्पोजिट अहाता), एफएल. 3, 3 (क,ग), 4, 4 (क), 5, 5 (क), 6, 7, 8, सी.एस.-1, सी.एस. 1-ग, एफएल. 10 एवं भण्डारण भाण्डागार भिलाई को दिसंबर 2025, गुरूवार को पूर्णतः बंद रखने के आदेश दिए हैं।


## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद

Phone No. :-07749-222370, Email Id :- ee-res.balod@gov.in

(ई-निविदा (Zonal Tender) सूचना प्रथम बार

क्रमांक / 16 /व.ले.लि./ ग्रा.यां.से./ 2025-26 बालोद, दिनांक 09.12.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से निम्न दर्शित क्षेत्रीय निविदा (Zonal Tender) हेतु जनपद पंचायत (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र हेतु) बालोद ग्रुप (अ) (ब) एवं (स) निविदा हेतु **प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर द्वारा दिनांक 01.11.2021 से एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित तथा सिविल कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग के दिनांक 01.01.2015 एवं नलकुप खनन हेतु प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील दर अनुसूची की मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर निविदा प्रतिशत दर** पर दिनांक 26.12.2025 को ऑनलाईन **निविदा** आमंत्रित की जाती है अतः अमानत राशि सत्यनिष्ठा संधि एवं तकनीकी दस्तावेज स्पीड पोस्ट के माध्यम से इस कार्यालय में दिनांक 29.12.2025 को कार्यालयीन समय अपरान्ह 5.30 बजे तक पहुंचना अनिवार्य है । प्राप्त निविदाओं को दिनांक 30.12.2025 को 11:30 बजे पूर्वान्ह में खोली जावेगी :-

**(1) निविदा राशि रू. 35.00 लाख एवं 30.00 लाख प्रत्येक ग्रुप हेतु**
**(2) अमानत राशि रू. 35000 एवं 30000.00 प्रत्येक ग्रुप हेतु**
**(3) निविदा प्रपत्र का मूल्य :- रू. 1500/- प्रत्येक ग्रुप हेतु**

निविदा दस्तावेज कार्यालय द्वारा विक्रय नहीं किया जावेगा, ऑनलाईन पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अन्य पोर्टल जिसे निविदा विज्ञप्ति में दर्शाया गया है दिनांक 09.12.2025 से डाउनलोड किया जा सकता है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, बालोद**
**जिला- बालोद (छ.ग.)**

जी- 252605357/1


### जिला शिक्षा अधिकारी पहुंचे विभिन्न स्कूलों में

**दुर्ग।** जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने जिले के दुर्ग विकासखण्ड के विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला कुथरेल में पदस्थ समस्त शिक्षक निर्धारित समय पर संस्था में उपस्थित पाये गये। छात्र-छात्राओं को मीनू अनुसार मध्यान्ह भोजन प्रदाय करने व नियमित अध्यापन कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये।

शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभांठा अण्डा में प्रार्थना के समय श्री चन्द्रहास साहू सहायक शिक्षक के द्वारा एक छात्र से दैनिक समाचार का वाचन कराया जा रहा था जिसे अन्य छात्र-छात्राओं द्वारा दोहराया जा रहा था। इस गतिविधियों से बच्चों में दैनिक समाचार पत्र पने की आदत के साथ साथ सामान्य ज्ञान की वृद्धि भी हो रही हैं। श्री साहू द्वारा कराई जा रही इस गतिविधि की जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रशंसा की गई।


### न्यायालय तहसीलदार तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.)

ईकोर्ट क्र.... ब / 121 वर्ष 2025-26
ग्राम हीरापुर प.ह.नं. 26

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मकसुदन पिता उदहोसिंह गोड़ साकिन हीरापुर तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम द्वारा अपने पुत्री मिनाक्षी धुर्वे के जन्म प्रमाण पत्र शासकीय कार्य में आवश्यकता पड़ने से जारी कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज पंचनामा, शपथ पत्र, आधार कार्ड, शिक्षा प्रमाण पत्र अनुसार आवेदक के पुत्री मिनाक्षी के जन्म तिथि 15/12/2010 को ग्राम हीरापुर में होना लेख किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 04/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
पेशी दिनांक - 16/12/2025
तहसीलदार पिपरिया

### न्यायालय तहसीलदार तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.)

ईकोर्ट क्र.... ब / 121 वर्ष 2025-26
ग्राम हीरापुर प.ह.नं. 26

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मकसुदन पिता उदहोसिंह गोड़ साकिन हीरापुर तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम द्वारा अपने पुत्र देवराज धुर्वे के जन्म प्रमाण पत्र शासकीय कार्य में आवश्यकता पड़ने से जारी कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज पंचनामा, शपथ पत्र, आधार कार्ड, शिक्षा प्रमाण पत्र अनुसार आवेदक के पुत्र देवराज धुर्वे के जन्म तिथि 17/ 9/2014 को ग्राम हीरापुर में होना लेख किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 04/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
पेशी दिनांक - 16/12/2025
तहसीलदार पिपरिया

### ।। न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) ।।

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण ब / 121
वर्ष 2025

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक चंदूलाल पिता स्व. नीलकंठ निवासी सिपकोना तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरे पुत्र शंकर पिता चंदूलाल का जन्म दिनांक 25.01.2019 को ग्राम सिपकोना तहसील पाटन जिला दुर्ग में जन्म होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक चंदूलाल पिता स्व. नीलकंठ निवासी सिपकोना तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 26/12/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/12/2025 को जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
पाटन (छ.ग.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली
## (सम्पत्तिकर विभाग)

स.क्र.वि./2024-25/461 दिनांक 09.12.25

// स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना//

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही हो एहद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका की नगर पालिक निगम रिसाली के सम्पत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है। यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तां. का स्वरूप | सम्पत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती शिखा शर्मा/पति श्री गोविंद शर्मा, पता-म.नं. 26/डी कल्पकृति आपार्टमेंट के पीछे,वेस्ट आशीष नगर अवधपुरी रिसाली भिलाई तह.व जिला दुर्ग(छ.ग.) | डी नरेश कुमार/पिता श्री डी रघुमणी, पता-क्वा. नं. 4/एफ, सड़क-15 ए सेक्टर 2, भिलाई तह.व जिला दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | प्रगति नगर, रिसाली वार्ड नं. 61, (अवधपुरी,अंदर भाग),प.ह.नं.49, रिसाली,ख.नं. 621/63, प्लाट नं. 26/डी, कुल रकबा 1200 वर्गफीट |
| 2. | जी.श्रीनिवास राव/पिता-जी.सुब्बाराव, निवासी फ्लैट नं. 302, श्री गजानन फोर्ट शांति नगर बुट्चीराजूपेलम् विशाखापट्नम (अर्बन) जिला विशाखापट्नम (आन्ध्राप्रदेश) | श्रीमती रजनी टिकरिहा/पति-ऋषि कुमार टिकरिहा, पता-425, नियर लक्ष्य पब्लिक स्कूल, वीर शिवाजी वार्ड शिवानंद नगर सेक्टर 02, खमतराई रायपुर तह. व जिला रायपुर(छ.ग.) | बिक्रीनामा | रिसाली, वार्ड नं. 61 प्रगति नगर रिसाली वार्ड अंतर्गत प्रगति नगर अंदर भाग ख.नं. 372/9 कुल रकबा 2700 वर्गफीट है। |
| 3. | भारत लाल चन्द्राकर/ पिता श्री माखन लाल चन्द्राकर, पता ग्राम ओटेबंद तह. व जिला दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती मीता जैन/पति-विनय कुमार जैन, पता-आजाद मार्केट रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | रिसाली बस्ती वार्ड नं. 63, आजाद मार्केट, ख.नं. 321, कुल रकबा 1020 वर्गफीट है। |
| 4. | मेसर्स आकृति इन्फ्रास्ट्रक्चर्स भिलाई, पार्टनर-शिव कुमार साहू/ पिता स्व. महाबीर साहू निवासी-08/53, राधिका नगर सुपेला भिलाई, तह.व जिला दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती पी.राधा रमन/पति-श्री पी.वी. रमन, पता-प्लाट नं. 12 फेस 1, मातृ छाया, धनोरा, तह. व जिला दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | प्लाट नं. 12 फेस 01, मैत्री छाया धनोरा, कुल क्षेत्रफल 1211 वर्गफुट है। फ्लैट नं. 603 (6th फ्लोर) है। |
| 5. | सुखबीर सिंह/पिता श्री परविंदर सिंह, पता-म.नं. 194/3, व्ही. आई.पी. नगर, वार्ड नं. 63 रिसाली भिलाई तह.व जिला दुर्ग (छ.ग.) | (1) पी.वीनू/पिता श्री एस.पाल. पाण्डी (2) श्रीमती विजी नायर/पति री पी. वीनू पता-म.नं. 10/4, मैत्री नगर, रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | रिसाली,रिसाली बस्ती वार्ड नं. 60 व्ही.आई.पी. नगर अंदर भाग प.ह.नं. 22 ख.नं. 1038/8, कुल रकबा 2000 वर्गफीट है। |

उक्त संबंध में अंतरण के पूर्व इश्तहार जारी किया जाता है, जिसमें संबंधिती द्वारा प्रकाशन एवं नामांतरण शुल्क जमा किया गया है। अतः समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु आदेशार्थ प्रस्तुत।

**सहा.राजस्व अधिकारी**
**न.प.नि. रिसाली**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग

### नामांतरण सूचना विज्ञप्ति क्रमांक 26 वर्ष 2025-26

**सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 167 के अंतर्गत निम्नलिखित व्यक्तियों के उनके नाम के सामने भुमि भवन स्वामित्व परिवर्तन हेतु आवेदन किया है।**

**संबंधित हित वाले व्यक्ति सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।**

| क्र. | ना.प्र. क्र. | क्रेता का नाम | विक्रेता का नाम | वार्ड क्रमांक | नाम परिवर्तन का आधार जिस पर दावा/आपत्ति की जाती है |
|---|---|---|---|---|---|
| 897 | 897 | शिखा खरे/श्री संदीप खरे | मोहम्मद सरफराज अंसारी/एम.एन अंसारी | वार्ड क्र.51 बोरसी (उत्तर), दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 898 | 898 | ज्योति कुकरेजा/विक्रम कुकरेजा | मेसर्स ए.सी.दास/आर.सी.दास,राधा किशन | वार्ड क्र.24 आमदी मंदिर वार्ड | पंजीकृत बयनामा |
| 899 | 899 | झुमकी पटेल/दुलेश्वर पटेल | श्रीमती मांडवी/स्व.गिरिश अग्रवाल | वार्ड क्र.02 राजीव नगर दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 900 | 900 | सुनील वर्मा/ हृदय कुमार वर्मा, सुभाष कुमार वर्मा/हृदय कुमार वर्मा | हृदय कुमार वर्मा/देवेन्द्र वर्मा | वार्ड क्र.16 सिकोला बस्ती दुर्ग | मृत्यु प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका |
| 901 | 901 | अनामिका तिवारी/नीलेश तिवारी | राकेश कुमार राय/स्व.रविन्द्र नाथ राय | वार्ड क्र.49 बोरसी(पश्चिम) दुर्ग | सम्पदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग.) का आदेश दिनांक 26.11.2025 |
| 902 | 902 | शकुन्तला स्वर्णकार/स्व शंकर लाल स्वर्णकार, शालिनी स्वर्णकार/स्व. शंकर लाल स्वर्णकार, शैल स्वर्णकार / स्व शंकर लाल स्वर्णकार | शंकर लाल स्वर्णकार/चमारू राम स्वर्णकार | वार्ड क्र.33 चंडी मंदिर दुर्ग | मृत्यु प्रमाण पत्र,बी।पी।। |
| 903 | 903 | हेमंत कुमार पांचे/ परदेशी लाल पांचे, योगेश/परदेशी लाल पांचे | रमली बाई जामरे/जगल्या जामरे, राजकुमारी जामरे/ स्व. जगल्या जामरे | वार्ड क्र.02 राजीव नगर दुर्ग | दानपत्र |
| 904 | 904 | रामचरण सोनी/स्व. लक्ष्मण सोनी | राधिका बाई/रामचरण सोनी, रामचरण सोनी/ स्व.लक्ष्मण प्रसाद | वार्ड क्र.32 ब्राम्हण पारा दुर्ग | हकत्याग पत्र |
| 905 | 905 | निशा देवांगन/किशोर देवांगन | विमला बाई/कमलेश कुमार शर्मा | वार्ड क्र.03 मठपारा(दक्षिण)दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 906 | 906 | वर्षा सोनी/पवन सोनी | विनोद कुमार बोहरा/जेठमल बोहरा पार्टनर महावीर एसोसियेट्स | वार्ड क्र.35 रामदेव मंदिर दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 907 | 907 | पुष्पा बाई/टार्जन सिंह | विनय गुप्ता /स्व.धनराज गुप्ता | वार्ड क्र.21,तितुरडीह दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 908 | 908 | रूद्रनाथ सोनी/स्व. पुरूषोत्तम लाल सोनी, सुशील कुमार सोनी/स्व. पुरूषोत्तम लाल सोनी | गोपाल सिंह/रत्नूराम बेलचंदन | वार्ड क्र.03 मठपारा (दक्षिण),दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 909 | 909 | गीता बाई/प्रदीप गंगवार | कु. सरला ठाकुर/भीषम सिंह ठाकुर | वार्ड क्र.20 शहीद भगत सिंह (उत्तर),दुर्ग | सेलडीड |
| 910 | 910 | पद्मा नाग/जगदीश नाग | सुशील राम/ स्व.धनी राम | वार्ड क्र.45 पद्मनाभपुर (पश्चिम) दुर्ग | सम्पदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग.) का आदेश दिनांक 19.11.2025 |
| 911 | 911 | कविता देवी ठाकुर/ कमल ठाकुर | दिनेश कुमार पोद्दार/आर.वी.पोद्दार | वार्ड क्र.46 पद्मनाभपुर(पूर्व)दुर्ग | सम्पदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग.) का आदेश दिनांक 01.12.2025 |
| 912 | 912 | संजीव कुमार पटेल/जे.एस.पटेल | सुदेशना भट्टाचार्य/तपन भट्टाचार्य | वार्ड क्र.51 बोरसी (उत्तर) दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 913 | 913 | छत्रपाल डड़सेना/स्व. रघुनंदन प्रसाद डडसेना | रूखमणी डड़सेना/ रघुनंदन प्रसाद डड़सेना | वार्ड क्र.18 औद्योगिक नगर (दक्षिण), दुर्ग | पट्टा जन पत्र |
| 914 | 914 | अमरेन्द्र प्रसाद गुप्ता/ सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता | छबिया बाई/ महेश कुमार वर्मा | वार्ड क्र.58 उरला (पूर्व), दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 915 | 915 | पूजा त्रिवेदी/अतुल त्रिवेदी | संजय उके/ स्व.एन.आर. उके | वार्ड क्र.59 कातुलबोर्ड (पूर्व), दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 915/A | 915/A | निशा शर्मा/ स्व. दिलीप कुमार शर्मा, वरदान शर्मा/ स्व. दिलीप कुमार शर्मा | कुमारी पूजा मिश्रा / विक्रम कुमार सिंह | वार्ड क्र.35 रामदेव मंदिर दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 916 | 916 | प्रणय कुमार देवांगन/ ईश्वर प्रसाद देवांगन, मनीष देवांगन/प्रणय कुमार देवांगन | विरेन्द्र सहगल/ बिसनलाल सहगल, कंचन सहगल/ विरेन्द्र सहगल | वार्ड क्र.53 पोटियाकला (उत्तर), दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, दुर्ग**

# विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने किया ग्राम टाडापारा, अंकोरी में सीसी रोड निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

### ग्रामवासियों को दी 10 लाख की सौगात



**बसना( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ और जनप्रिय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टांडापारा, अंकोरी को 10 लाख के विकास कार्य की सौगात दी। विधायक ने ग्राम में सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर, क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति अपने अटूट संकल्प को दोहराया।

यह पहल क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने और बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका सीधा लाभ हजारों ग्रामवासियों को मिलेगा। भूमिपूजन का यह महत्वपूर्ण समारोह पूरे उत्साह के साथ संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, पार्टी कार्यकर्ता और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मंत्रोच्चार के बीच विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने विधिवत पूजन कर सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर, विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ यह कार्य नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में हमारा एक महत्वपूर्ण कदम है। मेरा प्रयास है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र का हर गांव, हर मोहल्ला बुनियादी सुविधाओं से परिपूर्ण हो।

विधायक डॉ. अग्रवाल ने आगे जोर देकर कहा कि इस 10 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड के निर्माण से ग्राम टाडापारा अंकोरी के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी, जिससे न सिर्फयात्रा आसान होगी, बल्कि यह सुविधा उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने में भी सहायक सिद्ध होगी।

इस नए सीसी रोड के बन जाने से आवागमन की समस्याओं का निवारण होगा और स्थानीय किसानों, छात्रों, तथा दैनिक यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने आश्वस्त किया कि यह तो केवल शुरुआत है, और वह भविष्य में भी अपने विधानसभा क्षेत्र के हर कोने तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।विधायक का यह प्रयास दिखाता है कि वह जमीनी स्तर पर विकास और बुनियादी सुविधाओं की मजबूती को प्राथमिकता देते हैं।

इस अवसर पर जनपद पंचायत बसना उपाध्यक्ष मोहित पटेल,जनपद सभापति प्रकाश सिन्हा, अध्यक्ष मुरली नायक, सीताराम सिन्हा, विधायक कार्यालय प्रभारी हरजिंदर सिंह, अंकोरी सरपंच परदेशी यादव, मिश्रा दीप, सरपंच त्रिलोचन भोई, कामेश बंजारा, आकाश सिन्हा, विजय पटेल,मोहनलाल डड़सेना , शिवनायक, गणमान्यजन सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अवैध धान पर जिला प्रशासन सख्त, लगातार की जा रही कार्रवाई, 197 क्विंटल अवैध धान जप्त



**जांजगीर-चांपा ( समय दर्शन )।** कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशन में अवैध धान खरीदी-बिक्री, परिवहन एवं भंडारण पर जिला प्रशासन द्वारा लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। मंडी अधिनियम के तहत बिचौलियों एवं कोचियों पर सख्त निगरानी रखते हुए संयुक्त टीमों द्वारा कार्रवाई तेज कर दी गई है। कृषि उपज मंडी समिति अकलतरा क्षेत्रांतर्गत तहसीलदार शशि भूषण सोनी के नेतृत्व में कृषि अधिकारी विकास मिश्रा, मंडी निरीक्षक हिरेंद्र, उपनिरीक्षक राम रतन सिंह राज तथा अशोक कुमार कंवर की टीम द्वारा आज विभिन्न स्थानों में कार्यवाही की गई। ग्राम तागा में करमा चौक के पास वाहन (मेटाडोर 407) क्रमांक सीजी 11 एबी 1351 से 90 कट्टी (36 क्विंटल) अवैध धान सेवा सहकारी समिति उपार्जन केन्द्र तागा में खपाने के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। धान का मालिक हरिराम साहू, नवागढ़ का होना पाया गया, जिसे राजेश कुमार कौशिक के टोकन में खपाने का प्रयास किया जा रहा था। इसी प्रकार ग्राम कुथूर, नवागढ़ से 40 कट्टी (16 क्विंटल), ग्राम कूटरा से बलराम सूर्यवंशी से 50 कट्टी (20 क्विंटल), ग्राम खोखरा, जांजगीर में नारायण गिरी गोस्वामी से 40 कट्टी (16 क्विंटल), नवापारा (पेंड्री) से कृष्ण कन्हाई से 220 कट्टी (88 क्विंटल) एवं ग्राम कटघरी से शेष नारायण नायक से 53 कट्टी (21 क्विंटल) अवैध धान जप्त किया गया। इस प्रकार दल द्वारा कुल 493 कट्टी (197 क्विंटल) अवैध धान जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक कुल 2382 क्विंटल धान और 05 वाहन जप्त की कार्यवाही 60 प्रकरणों में की गई है।

# जिला स्तरीय युवा महोत्सव का हुआ समापन, विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित




**जांजगीर-चांपा ( समय दर्शन )।** कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ऑडिटोरियम जांजगीर में 10 से 11 दिसम्बर तक दो दिवसीय आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2025 का आज सफ्लतापूर्वक समापन हुआ।

महोत्सव में जिलेभर से आए छात्र-छात्राएं, बालक बालिकाओं एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन अवसर पर नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा गढ़ेवाल एव जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ श्री हितेश यादव सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर पर श्री प्रेमलाल पांडेय, श्री रमेश तिवारी, पार्षदगण सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। संचालन व्याख्याता श्री दीपक कुमार यादव ने किया।

महोत्सव में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने पारंपरिक कला, संस्कृति एवं सृजनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। लोक नृत्य, पंथी नृत्य, सुआ नृत्य, लोक गीत, कहानी लेखन, वाद-विवाद, नवाचार, राउत नाचा, करमा नृत्य, पारंपरिक वेशभूषा, एकांकी नाटक, रॉक बैण्ड, चित्रकला, कविता लेखन आदि विधाओं में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। समापन सत्र में सभी विधाओं के विजेताओं एवं प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के साथ ही जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2025 का सफ्ल समापन हुआ।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

**विजेता प्रतिभागी हुए सम्मानित** - महोत्सव में पंथी नृत्य में प्रथम बलौदा (ओपन), द्वितीय शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नरियारा, सुआ नृत्य में प्रथम शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पंतोरा, द्वितीय केजीबीव्ही हरदी, वाद विवाद में प्रतियोगिता पक्ष में दीपांशु विश्वकर्मा प्रथम एवं रीमा पटेल द्वितीय, विपक्ष में भूपति राय प्रथम, पूजा श्रीवास्तव द्वितीय, कहानी लेखन में उद्धव जायसवाल प्रथम, शगुन शर्मा द्वितीय, नवाचार में सरस्वती शिशु मंदिर बलौदा के मनीष कश्यप व दानेश रजक प्रथम, सेजेस सारागांव के अजय राठौर व लक्की राठौर द्वितीय, लोक नृत्य में केजीबीव्ही हरदी प्रथम, कुकदा नवागढ़ द्वितीय, लोकगीत में श्री हरि मानस मंडली जांजगीर प्रथम एवं जनपद बलौदा द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# कांग्रेस के नव-नियुक्त जिला अध्यक्ष सलीम राजा उस्मानी जी ने संभाला पदभार



**दंतेवाड़ा ( समय दर्शन )।** दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के नव-नियुक्त जिला अध्यक्ष सलीम रजा उस्मानी ने कांग्रेस भवन, दंतेवाड़ा में आयोजित एक गरिमामय समारोह में औपचारिक रूप से अपनश पदभार ग्रहण किया। इस दौरान कार्यक्रम पूर्व विधायक दंतेवाड़ा देवती महेन्द्र कर्मा , प्रदेश कांग्रेस सयुक्त महामंत्री विमल सुराना ,शिव शंकर सिंह , देवी सिंह चौहान , जवाहरलाल सुराना , ओपचारिक रूप से पद ग्रहण कराया गया। बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों, मोर्चा-प्रकोष्ठ के प्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने नव नियुक्त जिला अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें फूल-मालाओं एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।साथ ही सलीम रजा उस्मानी ने वरिष्ठों को गमछा पहना कर सम्मानित किया।वरिष्ठ नेताओं ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री सलीम राजा उस्मानी की नियुक्ति संगठन के लिए ऊर्जा, उत्साह और नई दिशा देने का कार्य करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा जन समस्याओं के समाधान और जनता के अधिकारों की लड़ाई को और गति मिलेगी।नवनियुक्त जिला अध्यक्ष उस्मानी ने सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत करने, हर कार्यकर्ता को जोड़ने और जनहित के मुद्दों पर प्रभावी संघर्ष करने के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी ने उस्मानी को पदभार ग्रहण करने पर पुन: बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए एकजुटता के साथ संगठन को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। इस दौरान भावरिफ यादव , रविन्द्र नागवंशी ,महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष इंद्र शर्मा , आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष कोपा कुंजम , अरविंद राय ,सुभाष राय, आसिफराजा, विप्लव मालिक , ब्लॉक अध्यक्ष दीपक कर्मा , अनिल कर्मा , किरत आलमी राजेंद्र कौर राय , राजकुमार जायसवाल , रामकुमार नाग ,युवा कांग्रेस गणेश दुर्गा, एनएसयूआई अध्यक्ष वेदांत पांडे,सेवा दल अध्यक्ष कारण इच्छम बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण एवं जल संवर्धन हेतु बरमकेला ब्लॉक से जल संगवारी अभियान की शुरुआत

### कलेटर डॉ संजय कन्नौजे जल संरक्षण के रैली में शामिल हुए और किया श्रमदान




**सारंगढ़-बिलाईगढ़ ( समय दर्शन )।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सयुंक्त तत्वावधान में जल ही जीवन है और जल संरक्षण संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मोर गांव मोर पानी जल संगवारी अभियान की सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला विकासखंड के ग्राम पंचायत सण्डा से शुरुआत की गई। जल संरक्षण और संवर्धन को जनजागरूकता से जोड़ने के लिए शासकीय प्राथमिक शाला सण्डा के प्रांगण में मुख्य अतिथि सत्ताधारी दल के प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही एवं अध्यक्षता कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे, सरपंच, अजय नायक जिला पंचायत उपाध्यक्ष, सदस्य डॉ. अभिलाषा नायक, जनपद अध्यक्ष डॉ विद्या चौहान, इंद्रजीत बर्मन जिला पंचायत सीईओ, डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, ग्रामीण जनों के उपस्थित में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें वक्ताओं ने जल संरक्षण के संबंध में विभिन्न जानकारी दी। इसका लक्ष्य जनभागीदारी से सोख्ता गड्ढे बनाकर, नाली में बह रहे पानी को, वर्षा जल को संरक्षित करना और भूजल स्तर बढ़ाना है, ताकि पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके और इसे जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। इस अभियान में प्रशिक्षण, श्रमदान, जागरूकता रैली, पौधारोपण और जल स्त्रोतों की सफाई किया गया, जिससे ग्रामीण और पर्यावरण दोनों को लाभ मिल रहा है। रैली में महिलाएं व बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और जल है तो कल है के नारे के साथ जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश रैली निकालकर ग्रामवासियों दिया। वहीं श्रम दान के तहत कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे और अतिथियों ने ग्रामीण के घर में जाकर नल कलेक्शन के पास पहुंच कर श्रमदान कर सोख्ता गड्ढा खोदा गया, जिसमें ग्रामीण महिलाएं बहुत ही खुश होकर बेकार बह रहे पानी उस सोख्ता गड्ढा में जायेगा। वहीं स्कूल परिसर में डॉ संजय कन्नौजे एवं अतिथियों द्वारा पौधा रोपण भी किया गया।

## केंद्रीय स्वास्थ्य योजनाओं में छत्तीसगढ़ की उपेक्षा पर मौन हैं भाजपा सांसद, सुविधाओं के नाम पर केवल घोषणा और शिलान्यास

**रायपुर ( समय दर्शन )।** केंद्रीय स्वास्थ्य योजनाओं में छत्तीसगढ़ की उपेक्षा पर मौन साधने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा सांसद दलीय चाटुकारिता में छत्तीसगढ़ का अहित कर रहे हैं, नया रायपुर अटल नगर में नयें ऐम्स के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने 50 एकड़ जमीन अधिग्रहीत करके केंद्र सरकार को नि: शुल्क उपलब्ध कराया है लेकिन नए एम्स के निर्माण के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने अब तक फूटी कौड़ी जारी नहीं किया है। आयुष्मान योजना की राशि दुर्भावना पूर्वक रोक दी गई है, वैक्सीन, उपकरण और दवाएं समय पर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, पीएम योजना के तहत राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण केंद्र का शिलान्यास 6 दिसंबर 2023 को किया गया था, आगे कुछ हुआ नहीं लेकिन सुविधाओं के नाम पर केवल घोषणा और शिलान्यास तक ही सीमित रह गया है। मोदी और शाह के सामने भाजपा सांसदों की बोलती बंद है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा के नेता मंत्री एक ही काम का श्रेय दो-दो बार ले लेते हैं लेकिन जनता को लाभ कुछ होता नहीं। पिछले 4 साल से छत्तीसगढ़ में केन्द्रीय छय नियंत्रण संस्थान का दावा भाजपाई कर रहे हैं, पहले मांडवीया स्वास्थ्य मंत्री थे फिर जेपी नड्डा बने, दोनों ने छत्तीसगढ़ की जनता से छल किया, नाम पट्टीका और वृक्ष लगाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी समझ लिए। सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा नेताओं की दुर्भावना और अर्कमण्यता से छत्तीसगढ़ में तमाम केंद्रीय स्वास्थ्य योजनाएं दम तोड़ रही है, एम्स रायपुर में डॉक्टर और विशेषज्ञों का अभाव है, नर्स और टेक्नीशियन की कमी लगातार बनी हुई है, नर्सिंग स्टाफकी कमी के चलते पिछले दो महीनो से केंद्रीय कुष्ठ अस्पताल में मरीजों की भर्ती बंद है।

## कन्या छात्रावास - केडार में बच्चों को लोवर - टी शर्ट , कॉपी-पेन , सीस पेंसिल , कटर व शार्पनर वितरण किया

**सारंगढ़ ( समय दर्शन )।** प्री मैट्रिक अनुसूचित जन जाति कन्या छात्रावास केडार के प्र.अधिक्षिका श्रीमती आर बी भारद्वाज ने संवेदनशील सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जिला - सारंगढ़ बिलाईगढ़ के निर्देशानुसार एवं संवेदनशील वेतन केंद्र प्रभारी विकास खंड सारंगढ़ के मार्गदर्शन में छात्रावास के निगरानी समिति के अध्यक्ष श्रीमती सावित्री बाई सिदार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य विजय ठेठवार, व्याख्याता पुरुषोत्तम महिलाने, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय केडार के प्रभारी प्रधान पाठक हेमंत कुमार साहू जी ,लिपिक शैलेंद्र रात्रे, पंच श्रीमती दुर्गा चौहान के आतिथ्य में छात्रावास की बालिकाओं को लोवर टी शर्ट ,कॉपी पेन , सीस पेंसिल , कटर व शार्पनर अतिथियों के हाथों वितरण किया गया। उक्त अवसर पर प्राचार्य विजय ठेठवार जी ने छात्रावास की बालिकाओं को पढ़ाई लिखाई मन लगाकर करने के लिए प्रेरित किया। एवं सावधानी बरतने के लिए समझाया गया। तथा अधिक्षिका की गंभीरता पूर्वक किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा छात्रावास की व्यवस्था में तेजी से परिवर्तन दिखाई दे रहा है तथा बच्चों के हित में सराहनीय कार्य कर रही है।

# खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत उत्खनन, परिवहन पर की गई कार्यवाही, कुल 14 वाहन जप्त



**जांजगीर-चांपा ( समय दर्शन )।** कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशन में खनिज एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा जिले के विभिन्न स्थानो बम्हनीडीह, खपरीडीह, चाँपा, जॉजगीर, नवापारा, पुछेली, पीपरवा, बिर्रा, कनस्दा क्षेत्र में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनो, स्थानो का औचक निरीक्षण किया गया।

खनिज अधिकारी श्री अनिल कुमार साहू ने बताया कि 08 दिसम्बर को बम्हनीडीह, पुछेली क्षेत्र खनिज रेत के अवैध परिवहन करते 02 हाईवा एवं 01 ट्रैक्टर को जप्त कर पुलिस थाना बम्हनीडीह तथा 02 हाईवा को पुलिस रक्षित केन्द्र जॉजगीर के सुरक्षार्थ रखा गया है तथा 01 ट्रैक्टर चांपा थाना तथा 01 ट्रैक्टर को कनस्दा क्षेत्र में जप्त करते हुये वाहन खराब हो जाने के कारण ग्रामीण को सुपुर्द किया गया है। 10 दिसम्बर 2025 को केवा, नवापारा क्षेत्र में खनिज रेत के अवैध परिवहन कार्य में 04 हाईवा को संलिप्त पाया गया। जिनके चालक मौका स्थल से फरार हो जाने के कारण उक्त वाहनों पर अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज कर लावारिस हालात में जप्ती करते हुये नोटिस चस्पा किया गया है और फरार वाहन मालिक, चालक के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु जिला परिवहन अधिकारी जॉजगीर को लेख किया गया है। इसी प्रकार आज हनुमानधारा चाँपा क्षेत्र में खनिज रेत के अवैध परिवहन करते के 02 ट्रैक्टर एवं खनिज पत्थर अवैध परिवहन करते 01 टैक्टर को जप्त किया जाकर पुलिस थाना चॉपा के अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन,भण्डारण पर प्रभावी नियंतत्रण हेतु जिला स्तरीय उडनदस्ता दल द्वारा समय-समय पर आकस्मिक जॉच किया जाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन,भण्डारण करने वालो के विरूद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही नियमानुसार उपरोक्त वाहनों के वाहन चालको के ड्राइविंग लाईसेंस निरस्त करने संबंधी कड़ी कार्यवाही की जावेगी। भविष्य में इन वाहनों द्वारा पुन: अवैध उत्खनन, परिवहन या भंडारण में संलिप्त पाए जाने पर नियमानुसार माननीय न्यायालय में परिवाद दायर कर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त-खबर

### बसना विकासखंड के कुदारी बाहरा में पशुधन विभाग का टीकाकरण एवं उपचार शिविर संपन्न



**महासमुंद ( समय दर्शन )।** विकासखंड बसना के ग्राम कुदारी बाहरा में पशुधन विकास विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के पशुपालकों को बेहतर पशु-चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु टीकाकरण एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में पशुपालकों ने अपने मवेशियों के साथ पहुंचकर सेवाओं का लाभ लिया। शिविर के दौरान कुल 26 बड़े पशुओं तथा 45 भेड़-बकरियों का उपचार किया गया। इसके साथ ही 65 पशुओं में जू-किलनी नाशक दवा पिलाई गई। जिससे मौसमी परजीवी संक्रमणों से राहत मिल सके। पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण के मद्देनजर 22 पशुओं में कृमिनाशक दवा का सेवन कराया गया। पशुधन बढ़ोतरी और पशु प्रजनन की गुणवत्ता सुधार हेतु विशेषज्ञ टीम द्वारा गर्भाधान संबंधी उपचार भी प्रदान किया गया। साथ ही 7 पशुओं का गर्भ परीक्षण कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति का मूल्यांकन किया गया। शिविर के आयोजन से ग्राम के पशुपालकों में उत्साह देखा गया और विभाग द्वारा समय-समय पर ऐसे शिविर आयोजित किए जाने की मांग भी की गई, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के पशुओं को समय पर चिकित्सा एवं टीकाकरण की सुविधा मिलती रहे।

### देर रात पहुंचे अमित जोगी, शमसुल आलम के घर पर बंद कमरे में हुई लंबी चर्चा



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** शहर में रविवार देर रात राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी का अचानक राजनांदगांव पहुंचना राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना रहा। वे देर रात तुलसीपुर स्थित यश टाउन पहुंचे, जहां उन्होंने अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसुल आलम से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, अमित जोगी ने आलम के परिजनों से भेंट कर हालचाल जाना। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच काफी देर तक बंद कमरे में बातचीत होती रही। बैठक में संगठनात्मक मुद्दों, आने वाले राजनीतिक कार्यक्रमों और पार्टी की रणनीति को लेकर गंभीर मंथन किया गया। अमित जोगी के अचानक दौरे से स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह और जिज्ञासा दोनों बढ़ गई। देर रात भी पार्टी कार्यकर्ताओं का आलम के आवास पहुंचना जारी रहा। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यह मुलाकात पार्टी में नई सक्रियता और आगामी आयोजनों की तैयारी की ओर संकेत करती है। इस अवसर पर जोगी युवा मोर्चा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसुल आलम के साथ शहर अध्यक्ष बिलाल सोलिन खान, शैलेन्द्र वासनिक, प्रतीक साहू, मुकेश साहू, ऋषभ, साहिल, आकाश आदि कार्यकर्ता व परिवारजन उपस्थित रहे।

### 16 दिसम्बर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**बेमेतरा ( समय दर्शन )।** जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हे अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा कार्यालय परिसर रुम न. 64 एवं 65 में 16 दिसम्बर 2025 को प्रात: 11:00 बजे से दोप. 03:00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नियोक्ता AIRTEL PAYMENT BANK, TELIBANDHA RAIPUR द्वारा Bank Assistant के 10 पद, योग्यता, 10 वीं, वेतनमान 14000-16000 आयु 18 से 35 वर्ष, कार्यक्षेत्र, बेमेतरा, साजा, नवागढ़, बेरला, आवेदक के पास स्मार्ट फोन व बाइक अनिवार्य है, सभी पद पुरुष आवेदक हेतु भर्ती किया जाना है। जिला रोजगार कार्यालय नियोजक (निजी संस्था) तथा आवेदक के मध्य एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है तथा यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। अत: पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य पूर्ण जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। अधिसूचित रिक्त पदों पर रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु इच्छुक आवेदक रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, एवं समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र के साथ संयुक्त जिला कार्यालय परिसर, बेमेतरा के कक्ष क्रमांक 64 एवं 65 में दिनांक 16.12.2025 दिन मंगलवार समय 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक उपस्थित उपस्थित हो सकते है।

### निधन : भोजराम कश्यप



**बिर्रा।** समीपस्थ ग्राम पंचायत घिवरा के प्रतिष्ठित नागरिक भोजराम कश्यप (उम्र 65 वर्ष)का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम क्रिया स्थानीय भीमहर तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधु सहित बड़ी संख्या ग्रामीण शामिल हुए।वे अपने पीछे चार पुत्र व दो पुत्रियां अपने अपने छोड़ गए।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर, समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26